पौष कृष्णा - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 152 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- ▪ बेंगलूरु » बुधवार » 27-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 दक्षिण अफ्रीका दौरे पर श्रृंखला जीतने के लिए भाग्य की थोड़ी जरूरत होगी : द्रविड़

6 राजस्थान कांग्रेस में समाप्त हुआ गहलोत-पायलट युग

7 साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए : योगी आदित्यनाथ



## फर्स्ट टेक

### दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास संदिग्ध धमाके

**नई दिल्ली/वार्ता।** नई दिल्ली के चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित इजरायली दूतावास के पास मंगलवार शाम संदिग्ध धमाके की सूचना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर सघन जांच की। सूत्रों ने बताया कि शाम करीब पौने छह बजे विस्फोट की सूचना के बाद दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस के अलावा समेत विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के कई संबंधित अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। घंटों जांच-पड़ताल के बाद कोई विस्फोट पदार्थ मिलने या किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली पुलिस आगे की जांच कर रही है। इस बीच इजरायली दूतावास को ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उनके सभी कर्मचारी और अधिकारी सुरक्षित हैं।

# आज दुनिया का भी भारत के प्रति बदला है नजरिया : प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सिख गुरुओं ने भारतीयों को अपनी भूमि के गौरव के लिए जीना सिखाया और देश को बेहतर व विकसित बनाने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य किया।

गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत की याद में आयोजित 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है तो देश के प्रति दुनिया का भी नजरिया बदला है। उन्होंने कहा, जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, तब तक दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं, तो दुनिया का भी नजरिया बदला है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास भारत के युवाओं के असीमित सपनों को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और रोडमैप है, चाहे वे किसी भी क्षेत्र और समाज में पैदा हुए हों। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल युवाओं के लिए बहुत सारे अवसर लेकर आएंगे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति है और उसकी नीयत में कोई खोट नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को अवसरों की भूमि के रूप में देख रही है और देश वैश्विक चुनौतियों को हल करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

# पोतों पर हमला करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नौसेना में शामिल किया गया 'आईएनएस इंफाल'

**मुंबई/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार ने वाणिज्यिक पोत 'एमवी केम प्लूटो' और 'एमवी साईबाबा' पर हाल में हुए हमलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है और वह इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

स्वदेशी युद्धक जहाज आईएनएस इंफाल को नौसेना में शामिल किए जाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन हमले और लाल सागर में 'एमवी साईबाबा' पर हमले की घटना को गंभीरता से लिया है। हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों को अंजाम देने वालों को हम समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज 'एमवी केम प्लूटो' पर एक ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किए।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 27-12-2023 | 28-12-2023 |
| 6:01 बजे | 6:39 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,336.80 | 21,441.35 |
| (+229.84) | (+91.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,487 रु. | 76,850 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कैसी आजादी

सेवक खुद को मालिक कहते,
मालिक मजबूर बने वादी।
अपना ही घर भरने के हम,
हो चुके सभी इतने आदी।
घट गए मूल्य विद्वानों के,
हो गई आज मँहगी खादी।
है भेदभाव हर सिस्टम में,
फिर बोलो कैसी आजादी।।

## बाइडन ने ईरानी मिलिशिया समूहों पर हमले का आदेश दिया



**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने उत्तरी इराक में ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के घायल होने के बाद ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों के खिलाफ जवाबी हमले का आदेश दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि सोमवार को हुए हमले में एक अमेरिकी सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। ईरान समर्थित मिलिशिया 'कतैब हिजबुल्ला' और इससे संबद्ध समूहों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। अमेरिकी राष्ट्रपति को सोमवार को हमले की सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन को जवाबी कार्रवाई का विकल्प अपनाने का आदेश दिया। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने तुरंत योजना बनाई। इसके बाद बाइडन ने कतैब हिजबुल्ला और इससे संबद्ध समूहों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तीन ठिकानों पर हमले का निर्देश दिया।

## नाइजीरिया में हथियारबंद हमलावरों ने कम से कम 140 लोगों की हत्या की

**अबूजा (नाइजीरिया)/एपी।** नाइजीरिया के प्लेट्यू राज्य में हथियारबंद व्यक्तियों ने सुदूर गांवों को निशाना बनाकर हमले किए, जिसमें कम से कम 140 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्लेट्यू के गर्वनर सेलेब मुत्फवांग ने मंगलवार को स्थानीय टीवी चैनलों को बताया कि हमलावरों ने शनिवार और रविवार को 17 गांवों को निशाना बनाकर हमला किया और इस दौरान कई मकानों में आग लगा दी गई। उन्होंने कहा कि आज सुबह तक बोक्को में ही लगभग 100 लाशों की गिनती हुई है। नाइजीरिया में एमनेस्टी इंटरनेशनल के कार्यालय ने बताया कि अब तक प्लेट्यू के बोक्कोस और बार्किन-लाडी में 140 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

॥ श्री हरिः ॥ बैठक ॥ श्री हरिः ॥



श्रद्धांजलि

मेरे कनिष्ठ भाई श्री प्रमोद कुमार किशोरपुरिया की धर्मपत्नि

मीना किशोरपुरिया

का स्वर्गवास दिनांक 22-12-2023 (शुक्रवार) को बैंगलोर में हो गया ।

बैठक - दिनांक 28-12-2023 (गुरुवार) को
दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक
बैंगलोर स्थित हमारे निवास स्थान पर रखी गई है ।

शोकाकुल - राजकुमार किशोरपुरिया
एवं समस्त किशोरपुरिया परिवार

स्थान - फ्लैट नं: ३०२, चौथा तल, जे. एस. ग्रेंड, पूर्णा प्रसाद रोड रेस कोर्स रोड, बैंगलोर - ५६०००१ (वॉल्वो शोरूम के निकट)

मोबाईल - 9900038421, 9900038427

वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

जीएसटी करदाता ध्यान दें!

कृपया वित्तीय वर्ष 2022-23 का अपना वार्षिक रिटर्न फॉर्म GSTR-9* और फॉर्म GSTR-9C# में दाखिल करें




*इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9 दाखिल किया जाना अनिवार्य है

ऐसे सभी जीएसटी करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 2 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान), निम्न को छोड़कर:

- इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर
- टीडीएस डिडक्टर
- टीसीएस कलेक्टर
- कैजुअल टैक्सेबल पर्सन
- प्रवासी टैक्सेबल पर्सन

#इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9C दाखिल किया जाना अनिवार्य है

ऐसे करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 5 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान), द्वारा फॉर्म GSTR-9 में वार्षिक रिटर्न के साथ फॉर्म GSTR-9C में स्व–प्रमाणित रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट दाखिल किया जाना आवश्यक है

फॉर्म GSTR-9 और फॉर्म GSTR-9C विलंब से दाखिल किए जाने पर विलंब शुल्क लगता है

जीएसटी वार्षिक रिटर्नों के विवरण के लिए कृपया स्कैन करें

cbc 15502/13/0022/2324

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

@cbic_india @cbicindia www.cbic.gov.in @cbic @cbicindia @CBIC INDIA



# बीजू जनता दल ने अपना 27वां स्थापना दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने मंगलवार को अपना 27वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राज्य भर से हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने 'नवीन' (नया) ओडिशा बनाने का संकल्प लिया।


पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपने पिता बीजू पटनायक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिनके नाम पर क्षेत्रीय पार्टी का नाम रखा गया है। बीजद का गठन बीजू पटनायक के निधन के बाद 26 दिसंबर 1997 को हुआ था। बीजू पटनायक का निधन 17 अप्रैल 1997 को हुआ था। बीजद उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बीजद के प्रदेश मुख्यालय 'शंख भवन' में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य तथा इसके लोगों के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करने के वास्ते खुद को फिर से समर्पित करने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान सदस्यों ने कहा, मुझे बीजद का एक अनुशासित सदस्य होने पर गर्व है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ओडिशा के विकास के वास्तुकार हैं और मैं राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक सैनिक के रूप में काम करूंगा। मैं राज्य की जाए मांगों के लिए लड़ूंगा। मैं एक समृद्ध, सशक्त और स्वाभिमानी नए ओडिशा के निर्माण के लिए काम करने की प्रतिज्ञा लेता हूं। बीजद का स्थापना दिवस सभी खंडों, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और 147 विधानसभा क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों, पौधारोपण अभियान और अन्य सामाजिक गतिविधियों के साथ मनाया गया।

इस मौके पर कटक में 'आनंद भवन' (नवीन पटनायक का जन्मस्थान) से भुवनेश्वर के शंख भवन तक एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में सुशासन दिया है और पिछले 24 वर्षों के दौरान ओडिशा विकास के पथ पर रहा है।

ओडिशा में बीजद वर्ष 2000 से सत्ता में है और नवीन पटनायक लगातार पांच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं।

# इस सर्दी दिल्ली में डीडीए पार्कों की शोभा बढ़ाएंगे ट्यूलिप के फूल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में इस बार सर्दियों के मौसम में ट्यूलिप के फूल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पार्कों की शोभा बढ़ाएंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह पहली बार है कि नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र के बाहर ट्यूलिप के फूल के पौधे लगाए जाएंगे।

अधिकारियों ने बताया कि इस सीजन में शहर में लगाए गए ट्यूलिप के पौधों की संख्या पिछले साल की 1.5 लाख से दोगुनी होगी। उपराज्यपाल वी के सक्सेना के निर्देश पर तीन लाख ट्यूलिप के पौधे – एक लाख दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लिए और दो लाख एनडीएमसी के लिए खरीदे गए हैं। एक अधिकारी के अनुसार पूरी दिल्ली में ट्यूलिप और अन्य फूलों के बागानों में वृद्धि राष्ट्रीय राजधानी को 'फूलों के शहर' में बदलने के उपराज्यपाल सक्सेना के लक्ष्य के अनुरूप है। पहली बार राजनिवास परिसर में 500 ट्यूलिप बल्ब लगाए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि विभिन्न रंगों के ट्यूलिप और मौसमी फूलों की अन्य किस्मों जैसे कि पिटुनिया, साल्विया, सिनेरिया, एंटीरिनम, पोस्ता, वर्बेना, डायन्थस, हॉलीहॉक, नास्टर्टियम, कोरोप्सिस और पैंसी आदि को आम जनता के लिए प्रमुख स्थानों पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप के पौधों को शांति पथ के राजनयिक क्षेत्रों, तालकटोरा गार्डन, विंडसर प्लेस, सेंट्रल पार्क (कनॉट प्लेस), मंडी हाउस, अकबर रोड, चाणक्यपुरी, लोधी गार्डन और नेहरू पार्क में लगाया जाएगा। इनके अलावा शीतकालीन कार्य योजना के तहत सुविधाजनक स्थानों और अधिक पर्यटक संख्या वाले पार्कों में विभिन्न प्रजातियों के मौसमी फूल लगाए जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि उपराज्यपाल सक्सेना ने इस सीजन में ट्यूलिप मंगाने और रोपने की संख्या दोगुनी करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा उपराज्यपाल ने ट्यूलिप के पौधे मंगाने के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अपने समकक्षों के अलावा हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ बात की थी।

# बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा करेंगी वित्त मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रबंध निदेशकों के साथ बैठक करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने करीब 68,500 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है।

सूत्रों ने कहा कि शनिवार को होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में बैंकों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यह 2024-25 का बजट पेश किए जाने और अगले साल होने वाले आम चुनावों से पहले संभवत: अंतिम पूर्ण समीक्षा बैठक है। सूत्रों ने कहा कि बैठक में वह ग्राहक सेवा और साइबर सुरक्षा में सुधार के उपायों पर भी चर्चा करेंगी। वित्त मंत्री अगले वित्त वर्ष के लिए बैंकों के वित्तीय समावेश, कर्ज वृद्धि, संपत्ति गुणवत्ता और कारोबार वृद्धि योजना की भी समीक्षा करेंगी। गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) और वसूली की स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार तीन साल से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में कमी आई है। यह 31 मार्च, 2021 को 8,35,051 करोड़ रु. (सकल एनपीए अनुपात 7.33%) था जो 31 मार्च, 2022 को कम होकर 7,42,397 करोड़ रु. (सकल एनपीए अनुपात 5.82%) और 31 मार्च, 2023 को 5,71,544 करोड़ रु. (सकल एनपीए अनुपात 3.87 प्रतिशत) हो गया।

# कांग्रेस ने मप्र कांग्रेस कार्यकारिणी समिति भंग की : जितेंद्र सिंह

**भोपाल/भाषा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्य समिति को भंग करने का फैसला किया है। राज्य के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सिंह ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मप्र कांग्रेस कार्य समिति को भंग करने का फैसला किया है। जिला प्रभारी और संयुक्त प्रभारी अगले निर्देश तक काम करना जारी रखेंगे। बैठक में नवनियुक्त मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, सुरेश पचौरी और अरुण यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

यह कदम हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी की पराजय की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें भाजपा ने 163 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी है, जबकि 230 सदस्यीय सदन में कांग्रेस की संख्या घटकर 66 रह गई है।

# लद्दाख, जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**जम्मू/भाषा।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को तड़के हल्की तीव्रता के दो भूकंप महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों भूकंप का केंद्र लद्दाख के लेह जिले और जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, लद्दाख में सुबह चार बजकर 33 मिनट पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके मुताबिक, भूकंप की गहराई धरती की सतह से पांच किलोमीटर नीचे थी। तड़के आए भूकंप से करगिल और लेह दोनों जिलों के लोग घबरा गए। पुलिस ने बताया कि भूकंप के कारण कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार देर रात करीब एक बजकर 10 मिनट पर 3.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

# पुंछ में सेना के अधिकारियों को बदलकर कुछ हासिल नहीं होगा: फारूक अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पुंछ में नागरिकों की मौत के मामले में सेना के अधिकारियों को हटाने से कुछ हासिल नहीं होगा और उन्होंने यह पता लगाने के लिए जांच कराने की मांग की है कि निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करके उनकी जान क्यों ले ली गई। पुंछ में गत बृहस्पतिवार को सेना के दो वाहनों पर आतंकवादी हमले के बाद पूछताछ के लिए सेना अपने साथ कुछ नागरिकों को ले गई थी जिनमें से तीन बाद में मृत पाए गए।

अब्दुल्ला ने कहा, शांतिप्रिय नागरिक थे। उनमें से आठ को ले जाया गया और तीन को इतनी बेरहमी से पीटा गया तथा उनके जख्मों पर मिर्च पाउडर डाला गया। तीन लोग प्रताड़ना को बर्दाश्त नहीं कर सके और उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, पांच अन्य अस्पताल में हैं। एक मृतक का भाई बीएसएफ में है और पिछले 24 साल से सेवा कर रहा है। अब वह कह रहा है कि देश की सेवा के बदले में उसे भाई की मौत मिली है। उन्होंने कहा, सेना प्रमुख यहां से 'नार्दन कमांडर' को देहरादून की अकादमी ले गए लेकिन इससे समस्या का हल नहीं होगा। जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ?'' अब्दुल्ला ने कहा कि अगर बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं जिनका आतंकवाद से कोई लेनादेना नहीं है, तो हम कैसे भारत में रह रहे हैं। क्या यह महात्मा गांधी का भारत है जहां हम शांति के साथ रह सकते हैं? नफरत इतनी बढ़ गई है कि हिंदू और मुसलमान सोचते हैं कि वे एक दूसरे के दुश्मन हैं।

# पुंछ हमला: आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान छठे दिन भी जारी

**पुंछ/जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में पिछले सप्ताह सुरक्षाबलों पर घात लगाकर किए गए हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दुर्गम इलाकों और घने जंगलों में सुरक्षाबलों का घेराबंदी और तलाश अभियान मंगलवार को लगातार छठे दिन भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुंछ में आतंकवादियों द्वारा किए गए संबंधित हमले में चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।

आतंकी हमले के मद्देनजर पुंछ में स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सैन्य और असैन्य अधिकारियों के साथ बुधवार को घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में 30 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई है और उनमें से कई को छोड़ दिया गया है।

इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सेना के वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी और तलाश अभियान जारी है।

# डाबोलिम हवाई अड्डे पर नौसेना के मिग-29के विमान का टायर फटा, यात्री उड़ानें प्रभावित

**पणजी/भाषा।** भारतीय नौसेना के एक लड़ाकू विमान का नियमित उड़ान भरने से ठीक पहले मंगलवार दोपहर को गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर टैक्सीवे पर टायर फट गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टायर फटने के कारण विमान मिग-29के टैक्सीवे पर फंस गया, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। घटना के परिणामस्वरूप अधिकारियों ने हवाई अड्डे के रनवे को शाम चार बजे तक परिचालन के लिए बंद कर दिया, जिससे यात्री उड़ानों की सेवाएं प्रभावित हुईं।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, जब विमान अपनी नियमित उड़ान से पहले टैक्सीवे पर था, तब उसका टायर फट गया। दमकल और अन्य सेवाओं के कर्मियों को तुरंत वहां भेजा गया। उन्होंने कहा कि एकल पायलट वाले विमान को टैक्सीवे से दूर ले जाया जाएगा। अधिकारी ने घटना का समय नहीं बताया।

दक्षिण गोवा जिले में स्थित डाबोलिम हवाई अड्डा नौसैन्य बेस आईएनएस हंस का हिस्सा है। इस सुविधा का उपयोग नौसेना के विमानों द्वारा दिन के निश्चित समय के दौरान किया जाता है।

डाबोलिम हवाई अड्डे के निदेशक एस वी टी धनंजय ने कहा, घटना के परिणामस्वरूप, हवाई अड्डे के रनवे को शाम चार बजे तक संचालन के लिए बंद कर दिया गया है। 10 उड़ानों की सेवाएं प्रभावित हुईं। कुछ उड़ानों को मोपा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।



# सबरीमाला में राजस्व संग्रह 200 करोड़ रुपए के पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सबरीमाला (केरल)/भाषा।** सबरीमाला में राजस्व संग्रह मंगलवार को 200 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया और इसी के साथ दो महीने की वार्षिक तीर्थयात्रा का पहला चरण 27 दिसंबर को शुभ 'मंडला पूजा' के साथ संपन्न होने वाला है। भगवान अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाले शीर्ष मंदिर निकाय त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने आज कहा कि मंदिर को 25 दिसंबर तक पिछले 39 दिन में 204.30 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

टीडीबी अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रियों द्वारा कनिक्का के रूप में चढ़ाए गए सिक्कों की गिनती के बाद राजस्व राशि में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 204.30 करोड़ रुपए के कुल राजस्व में से 63.89 करोड़ रुपए श्रद्धालुओं द्वारा कनिक्का के रूप में चढ़ाए गए तथा 96.32 करोड़ रुपए अरावना (मिठाई प्रसाद) की बिक्री से प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को बेचे गए एक और मिठाई प्रसाद अप्पम से 12.38 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

मौजूदा वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान पर्वतीय मंदिर में भारी भीड़ देखी जा रही है। टीडीबी अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान 25 दिसंबर तक 31,43,163 श्रद्धालुओं ने सबरीमाला में पूजा-अर्चना की।

'मंडला पूजा' के बाद, मंदिर बुधवार रात 11 बजे बंद कर दिया जाएगा और 30 दिसंबर को 'मकरविलक्कु' अनुष्ठान के लिए फिर से खोला जाएगा।

पीएस प्रशांत ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में 15 जनवरी को 'मकरविलक्कू' अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा।

# समुद्री तट पर्यटन का लाभ उठाएगा केरल : मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के पर्यटन मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास ने मंगलवार को कहा कि राज्य अपने 14 जिलों में से नौ में फैले 580 किलोमीटर लंबे समुद्री तट की पर्यटन क्षमता का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पापनासम समुद्री तट पर जिले के पहले तैरते हुए पुल का उद्घाटन करते हुए रियास ने कहा कि इस तरह के आकर्षण तटीय जिलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ाएंगे। इस पुल के साथ राज्य में तैरते हुए पुलों की संख्या सात हो गई है। उन्होंने कहा, केरल में समुद्री तट पर्यटन की बहुत बड़ी संभावना है और इसका प्रभावी ढंग से दोहन किया जाएगा। केरल के समुद्री तट जल खेलों (वाटर स्पोर्ट्स) के लिए आदर्श है। लेकिन अभी कुछ ही परियोजनाएं हैं। अगर प्रभावी ढंग से इसका उपयोग किया जाता है तो यह राज्य के राजस्व में काफी योगदान देगा।

मंत्री ने कहा कि पिछले महीने राज्य की राजधानी में आयोजित पहली पर्यटन निवेशक बैठक में कई निवेशक आगे आए थे और उन्होंने समुद्री तट पर्यटन में निवेश करने में रुचि जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत ज्यादा से ज्यादा समुद्री तट पर्यटन परियोजनाओं को लागू करने का मन बनाया है। रियास ने एक विज्ञप्ति में कहा, वर्कला को राज्य के एक प्रमुख मनोरंजन व तीर्थयात्रा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसे 2024 में लागू किया जाएगा। वर्कला में तैरते हुए पुल जैसी नई परियोजनाएं अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। वर्कला में फिलहाल कई जल खेल गतिविधियां मौजूद हैं।

# मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ यादव ने की शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। भाजपा सूत्रों ने बताया कि यादव सुबह श्यामला हिल्स स्थित चौहान के आवास पर गए, जो मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास है और उनका आशीर्वाद लिया।

उनके साथ नवनियुक्त मंत्रियों में विजय शाह, तुलसी सिलावट, करण सिंह वर्मा, धर्मेंद्र लोधी, नागर सिंह चौहान, प्रतिमा बागरी, ऐदल सिंह कंसाना, नारायण सिंह कुशवाह और नारायण सिंह पवार भी शामिल थे। पिछले महीने विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के साथ राज्य में सत्ता बरकरार रखने के बाद यादव ने चौहान की जगह मुख्यमंत्री पद संभाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित 28 विधायकों को सोमवार को मंत्रिमंडल में शामिल किया। भाजपा के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले चौहान ने मंत्रिपरिषद को संतुलित करार देते हुए कहा कि इसमें क्षेत्रीय जरूरतों का ख्याल रखा गया है और यह अनुभवी और युवा नेताओं का संयोजन है।

# अडाणी परिवार हरित ऊर्जा इकाई में करेगा 9,350 करोड़ रु. का निवेश

**नई दिल्ली/भाषा।** अरबपति गौतम अडाणी और उनका परिवार हरित ऊर्जा इकाई में 9,350 करोड़ रुपए का निवेश करेगा ताकि कंपनी को वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने लायक बनाया जा सके। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों को 1,480.75 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 6.31 करोड़ तरजीही वारंट जारी करने की योजना को मंजूरी दी। इस तरह वारंट जारी कर 9,350 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी।

कंपनी में प्रवर्तकों की तरफ से 9,350 करोड़ रुपए के इस निवेश का इस्तेमाल 'उधारी चुकाने और त्वरित पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। इस निवेश के बाद अडाणी ग्रीन एनर्जी में प्रवर्तक समूह की फर्मों को 3.833 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी मिलेगी। कंपनी के पास 1.2 अरब डॉलर मूल्य के बॉन्ड हैं जो अगले साल परिपक्व होने वाले हैं। इन बॉन्ड के भुगतान या पुनर्वित्तपोषण के लिए कंपनी ने योजनाएं बनानी पहले ही शुरू कर दी हैं। कंपनी ने कहा कि तरजीही वारंट जारी करने के लिए नियामकीय एवं वैधानिक निकायों की भी मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा 18 जनवरी को होने वाली कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में भी इसपर शेयरधारकों की स्वीकृति ली जाएगी।

# 'मनरेगा, सब्सिडी पर ऊंचे खर्च से राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका'

**मुंबई/भाषा।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में कर संग्रह में अच्छी वृद्धि होने के बावजूद रोजगार गारंटी योजना और सब्सिडी पर व्यय बढ़ने से राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है। रेटिंग एजेंसी ने एक टिप्पणी में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा निर्धारित लक्ष्य से थोड़ा अधिक छह प्रतिशत रह सकता है। बजट में राजकोषीय घाटे के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, पहली पूरक अनुदान मांग और संभवतः दूसरी पूरक अनुदान मांग के भी जरिये बजटीय राजस्व से अधिक व्यय करने के अलावा मौजूदा बाजार मूल्य पर जीडीपी के बजट अनुमान से कम रहने से राजकोषीय घाटा बढ़ जाएगा। इसके मुताबिक, कर एवं गैर-कर राजस्व संग्रह अधिक होने के बावजूद राजकोषीय घाटा बढ़ेगा। इसके अलावा विनिवेश प्राप्तियों के बजट अनुमान से कम रहने का भी इस पर असर पड़ेगा। पहली पूरक अनुदान मांग में केंद्र सरकार खाद्य, उर्वरक और एलपीजी सब्सिडी के अलावा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) जैसे प्राथमिकता क्षेत्रों पर अधिक खर्च करेगी।

# मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस में चार दिन रोककर रखा गया विमान मुंबई पहुंचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** मानव तस्करी के संदेह के कारण फ्रांस में चार दिन रोककर रखा गया विमान 276 यात्रियों को लेकर मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस विमान में अधिकतर भारतीय नागरिक सवार थे। अधिकारी ने बताया कि एयरबस ए340 विमान तड़के चार बजे के कुछ ही समय बाद मुंबई पहुंचा। विमान ने स्थानीय समयानुसार देर रात करीब ढाई बजे वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। उन्होंने कहा कि जब विमान मुंबई में उतरा तो उसमें चालक दल के 15 कर्मी भी थे।

आव्रजन अधिकारियों ने मुंबई पहुंचे 276 में से कुछ यात्रियों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि किसी यात्री को हिरासत में नहीं लिया गया है और सभी 276 लोगों को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक हवाई अड्डे से जाने दिया गया।

मुंबई हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहे मीडिया कर्मियों ने बार-बार इन यात्रियों से बातचीत का प्रयास किया लेकिन उनमें से किसी ने भी पिछले चार दिन के घटनाक्रम या अपनी यात्रा के बारे में कुछ नहीं बताया। विमान उतरने के कुछ घंटे बाद हवाई अड्डे से बाहर आए अधिकतर यात्रियों को मीडिया कर्मियों से बचकर जाते हुए देखा गया। हवाई अड्डे पर अधिकारियों द्वारा कुछ यात्रियों से पूछताछ की खबरों के बारे में प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं मिला।



बेंगलूरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और अन्य लोग मंगलवार को विधानसभा में बेरोजगार युवाओं के लिए कर्नाटक सरकार की योजना 'युवनिधि' के शुभारंभ करते हुए।

# कर्नाटक में 'युवा निधि' के लिए पंजीकरण की शुरुआत

# सिद्दरामैया ने पूछा- अर्थशास्त्री हैं क्या प्रधानमंत्री मोदी?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैयाने राज्य की कांग्रेस सरकार की पांच गारंटियों की आलोचना करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या वह कोई अर्थशास्त्री हैं। मुख्यमंत्री ने 10 साल पहले हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा निभाने में नाकाम रहने के लिए भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। सिद्दरामैयाने कहा, श्रीमान प्रधानमंत्री, हमारी कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में सभी पांच गारंटियां लागू की हैं। आपका यह बयान गलत साबित हुआ कि राज्य दिवालिया हो जाएगा।

उन्होंने ने कांग्रेस की पांचवीं और अंतिम चुनावी गारंटी 'युवा निधि' के लिए पंजीकरण शुरू होने के मौके पर यह बात कही। इस योजना के तहत अकादमिक वर्ष 2022-2023 में स्नातक की पढ़ाई कर चुके बेरोजगार युवकों को 3,000 रुपये जबकि डिप्लोमाधारकों को 1,500 रुपये देने का प्रावधान है। सिद्दरामैयाने कहा, क्या मोदी अर्थशास्त्री हैं? उन्होंने कहा था कि अगर पांच गारंटियां पूरी हुईं तो कर्नाटक दिवालिया हो जाएगा। सच्चाई यह है कि राज्य इन पांच गारंटियों के पूरा होने के बाद आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है।



उन्होंने कहा, क्या आपने (प्रधानमंत्री मोदी) अपने वादे के अनुसार हर साल दो करोड़ नौकरियां सृजित कीं । आपको दस साल में 20 करोड़ नौकरियां सृजित करनी थीं। क्या आपने इतनी नौकरियां सृजित कीं । आप अपना वादा निभाने में नाकाम रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को युवा निधि सहायता देने के अलावा मुफ्त प्रशिक्षण भी देगी। उन्होंने सभा को यह भी बताया कि लाभ का वितरण 12 जनवरी, 2024 को विवेकानंद जयंती से शुरू होगा और पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा किया जाएगा।

सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि सरकार राज्य में रिक्त नौकरियों को भरने के लिए कदम उठाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री शरणप्रकाश पाटिल और परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी भी उपस्थित थे। योजना के तहत राशि का वितरण 12 जनवरी 2024 से शुरू होगा। इसी दिन स्वामी विवेकानन्द की जयंती है।

योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाले स्नातकों को 3,000 रुपये और डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह राशि उन लोगों को दी जाएगी, जिन्हें डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण करने की तारीख से 180 दिन पूरे होने के बाद भी नौकरी नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवारों को कम से कम छह साल के लिए कर्नाटक का अधिवास साबित करना होगा। बेरोजगारी भत्ता डिग्री/डिप्लोमा का परिणाम घोषित होने की तारीख से दो साल की अवधि के लिए या उसके नियोजित/स्वरोजगार होने तक, जो भी पहले हो, दिया जाएगा। राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

ऐसे उम्मीदवार जो स्व-रोजगार कर रहे हैं और उच्च शिक्षा जारी रख रहे हैं, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के मुताबिक, इस साल योजना के लिए 250 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग लाभ लेना चाहते हैं वे 'सेवा सिंधु पोर्टल' के जरिये या 'कर्नाटक वन', 'बेंगलूरु वन', 'ग्राम वन' और 'बापूजी सेवा केंद्र' के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे एच. डी. कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। जनता दल (सेक्युलर) में दूसरे नंबर के नेता कुमारस्वामी ने एक बयान में कहा कि उन्हें कार्यक्रम में शिरकत के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक निमंत्रण मिला है। कुमारस्वामी के अनुसार, ट्रस्ट के नेता मंगलवार को बेंगलूरु में उनके आवास पर आए, उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा और परिवार के साथ कार्यक्रम में शरीक होने का अनुरोध किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संकाह प्रमुख राम लाल व अन्य ने कुमारस्वामी, उनकी पत्नी अनीता कुमारस्वामी और बेटे निखिल कुमारस्वामी को ट्रस्ट की ओर से न्योता दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार कर रामलाल से कहा कि वह अपने परिवार के साथ भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठ समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने पर प्रसन्नता भी प्रकट की। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट के नेता उनके पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा को पहले ही आमंत्रित कर चुके हैं। जनता दल (सेक्युलर) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन कर रखा है।



# 'अप्रैल तक बीएमटीसी में 1,400 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैयाने मंगलवार को कहा कि अगले साल अप्रैल तक बेंगलूरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) में 1,400 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी। उन्होंने पहले चरण में यहां विधान सौध में बीएमटीसी की 100 गैर-वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''शक्ति योजना शुरू होने के बाद से अब तक कर्नाटक की महिलाएं राज्य परिवहन की बसों में 120 करोड़ यात्रा मुफ्त कर चुकी हैं। कुल मिलाकर 40 लाख लोग हर दिन बीएमटीसी की बसों से यात्रा करते हैं। इसमें सभी जाति, सभी धर्म और सभी वर्ग की महिलाएं शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने और शहर में बढ़ते वाहन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई हैं। सिद्दरामैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा सेवा की आलोचना करने का आरोप लगाते हुए पूछा कि जब वह सत्ता में थी तो उसने इस कल्याणकारी योजना को लागू क्यों नहीं किया। उन्होंने इस योजना के प्रभावी परिणाम भी बताए।

उन्होंने कहा, हमारी गारंटी के कारण, लोगों की क्रय शक्ति और राज्य की आर्थिक गतिविधि भी बढ़ रही है। ये योजनाएं मजदूरों, किसानों और महिलाओं के लिए पैसा बचाने में बहुत मददगार होती हैं।


वे उस पैसे का उपयोग अपने परिवार की अन्य जरूरतों के लिए करते हैं। इस प्रकार, लाखों परिवारों की आर्थिक शक्ति भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''राज्य के लगभग 4.30 करोड़ लोग सरकारी गारंटी योजनाओं से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इससे गरीबों और मजदूर वर्गों को आर्थिक प्रगति की मुख्यधारा में लाया जा रहा है।''

बीएमटीसी ने एक बयान में कहा कि यात्रियों के लिए एक सुरक्षित परिवहन प्रणाली और चालकों को अधिक जागरूक बनाने के लिए 10 बसों में 'एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम' (एडीएएस) लागू किया जा रहा है। इसमें कहा गया है, ''यातायात उल्लंघन और दुर्घटना को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए, सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के वास्ते पुलिस विभाग के सहयोग से दिसंबर से 3,000 चालकों को ट्रैफिक कमांड और कंट्रोल सेंटर में प्रशिक्षित किया जा रहा है।''

# नववर्ष के मौके पर शहर में रहेगी सुरक्षा चाकचौबंद : नगर पुलिस आयुक्त

## पुलिस चप्पे चप्पे में रखेगी नजर, नागरिकों से सहयोग की अपील

## शहर के मुख्य क्षेत्रों में होगी ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों ने निगरानी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ज्यों ज्यों साल का आखिरी समय आ रहा है और नया वर्ष नजदीक आ रहा है त्यों त्यों शहर में लोगों में नववर्ष की आगमन को लेकर सरगर्मियां बढ़ती जा रही है। नववर्ष के मौके पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नववर्ष के मौके पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने व नए वर्ष समारोह के उत्साह के बरकरार रखने के उद्देश्य से राज्य के गृहमंत्री जीआर परमेश्वरन की अध्यक्षता में गृह विभाग, बीबीएमपी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आवकारी विभाग, प्रदूषण नियत्रंण विभाग, बेस्कॉम, बीएमआरसीएल, अग्नि शामक दल आदि के उच्च अधिकारियों की विशेष बैठक हुई जिसमें सुरक्षा तथा विशेषकर महिला सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### सेन्ट्रल बेंगलूरु में लगाए जा रहे है 3 हजार पुलिसकर्मी

मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में सिटी पुलिस आयुक्त डी. दयानंद ने बताया कि बेंगलूरु पुलिस सेन्ट्रल बिजनेस ड्रिस्ट्रिक्ट (सीबीडी) क्षेत्र जिसमें ब्रिगेड रोड, रेसीडेन्सी रोड, सेन्ट मार्क रोड, कब्बन पार्क, ट्रिनिटी सर्कल, फोनिक्स मॉल, कोरमंगला, इंदिरानगर, स्टार होटल, नामी गिरामी पब, क्लब आदि शामिल है की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत गंभीर है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि विशेषकर ब्रिगेड रोड, एमजी रोड, सेन्ट मार्क्स रोड के आसपास के प्रमुख इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 4 डीसीपी, 10 एसीपी, 30 इन्सपेक्टर सहित कुल 3000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है ताकि कोई भी अप्रिय घटना को होने से रोका जाए।

### महिला सुरक्षा को समर्पित होंगे महिला सुरक्षा आइलेंड

पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस विभाग व प्रशासन इस नववर्ष समारोह में महिला सुरक्षा को लेकर विशेष कदम उठा रही है। उसी श्रृंखला में महिलाओं की तादाद वाले क्षेत्रो में महिला सुरक्षा आइलेंड बनाए जा रहे है जहां कोई भी परेशानी होने पर कोई भी महिला या युवती सम्पर्क कर सकती है और मदद पा सकती है। इस आईलेंड पर महिला कॉस्टेबल व पुलिस कर्मी उपस्थित रहेगीं ताकि महिलाओं को असहज महसूस न हो। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ चयनीत महत्त्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस केन्द्र बनाए जा रहे है जहां विशेषकर बच्चों की गुमशुदगी, चोरी व आपातकालीन घटनाओं के समय मदद ली जा सकती है व शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### ब्रिगेड रोड पर वाहनों के आने-जाने पर रोक

पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस बार ब्रिगेड रोड पर 31 दिसम्बर को मध्यान्ह 3 बजे से लेकर 1 जनवरी को दोपहर तक किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। एमजी रोड मेट्रो स्टेशन भी यात्रियों के आने जाने के लिए बंद रहेगा। यात्रियों को या तो कब्बन पार्क या ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन का उपयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टि से इस बार ऊंची बिल्डिंगों पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे है जो कि ऊंचाई से रोड पर आने जाने वालों की हरकतों पर दूरबीन से नजर रखेंगे। पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों व प्वाइंटों पर सीसीटीवी भी लगा रही है ताकि लोगों पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा ड्रोनों से भी संवेदनशील इलाकों की निगरानी रखी जाएगी। श्वान दस्ता भी अपनी सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेगा तथा किसी भी तरह की अफवाह को रोकने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा। पूरे शहर में सुरक्षा जांच के लिए 10 चैक टीमों का भी गठन किया जा रहा है जो समय समय पर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे।




### कोरमंगला, इंदिरानगर , एयरपोर्ट रोड भी होंगे पुलिस के रैडार पर

नववर्ष के समारोह में शहर के कोरमंगला, इंदिरानगर, मारथहल्ली, एचआरबीआर लेआउट, एयरपोर्ट रोड, व्हाइटफील्ड व आसपास के इलाकों में भी पुलिस गश्त कर अप्रिय घटनाओं को रोकने में तत्पर रहेगी। पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि इन क्षेत्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी में 4 डीसीपी, 10 एसीपी, 25 इंस्पेक्टर के साथ 2500 पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात होंगे और 31 दिसम्बर दोपहर से लेकर नए वर्ष दोपहर तक शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में मदद करेंगे। इसके अलावा पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में 2 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, एक सहपुलिस आयुक्त, 15 डीसीपी, 45 एसीपी, 165 इंस्पेक्टर, 600 सब इंस्पेक्टर, 600 सहायक सबइंस्पेक्टर, 1800 हेड कॉंस्टेबल सहित 5200 पुलिस कॉस्टेबलों का विशालकाय दस्ता पूरे शहर की सुरक्षा को चाकचौबंद करेगा।

### 31 दिसम्बर को शहर के सभी फ्लाईओवर पर यातायात होगा बंद

पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि नववर्ष के पूर्व व नववर्ष के दिन युवा वर्ग बाइकों व चारपहिया वाहनों पर हैरतअंगेज कारनामे करते हैं जिसके कारण दुर्घटनाएं प्रकाश में आती है इसलिए एतिहातन रुप से 31 दिसम्बर को दोपहर से लेकर 1 जनवरी दोपहर तक शहर के सभी फ्लाईओवर किसी भी प्रकार के यातायात के लिए बंद होंगे। सभी होटलों, समारोह आयोजकों, क्लब मालिकों को निर्देश दे दिए गए है कि नववर्ष का कोई भी कार्यक्रम रात्रि 1 बजे तक ही चलेगा, उसके बाद किसी भी प्रकार के समारोह को कोई इजाजत नहीं है।

### नववर्ष कार्यक्रम के पहले ही 100 किलो ड्रग बरामद

पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि पुलिस इस नववर्ष के आयोजन को खुशनुमा व उत्साहपूर्ण बनाने के उदेदश्य से हर संभव कदम उठा रही है। इसलिए पुलिस टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी कर 9 विदेशी ड्रग एजेन्ट तथा 56 ड्रग पेडलरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 100 किलो ड्रग बरामद कर लिया है। पुलिस ने नागरिकों से निवेदन किया कि यह समय नए वर्ष के आगमन करने का समय है न कि ड्रग व मद्यपान करने का। पुलिस ने नागरिकों से निवेदन किया कि नागरिक दूरवाणी संख्या 112 पर सम्पर्क कर परेशानी में सहायता ले सकते हैं।

### मद्यपान कर वाहन चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

ट्रैफिक ज्वाइंट पुलिस आयुक्त अनुचेत ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस ने भी शहर की सुरक्षा के लिए अपनी कमर कस रखी है। उन्होंने बताया कि एमजी रोड, ब्रिगेड रोड, चर्च स्ट्रीट, रेसीडेन्सी रोड, म्युजियम रोड व आसपास के क्षेत्र में 31 दिसम्बर को शाम 4 बजे से 1 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक किसी भी प्रकार के वाहन के आवाजाही व पार्किंग पर पाबंदी है। उन्होंने बताया कि नववर्ष के समारोह में बेंगलूरु जैसे शहर में मद्यपान सामान्य बात होती जा रही है इसलिए मद्यपान किए हुए व्यक्ति वाहन चलाने से बचे। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस शहर के अनेक क्षेत्रों में बैरिकेट लगाकर मद्यपान करके गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की योजना बना रही है। ज्वाइंट पुलिस आयुक्त ने बताया कि वैसे तो पूरे शहर के फ्लाईओवर पर 31 दिसम्बर से यातायात बंद हो जाएगा परन्तु हेब्बाल से केआईए एयरपोर्ट जाने के रास्ते में आने वाले फ्लाईओवर का उपयोग वे यात्री ही कर सकते है जो कि हवाईजहाज का यात्रा करेंगे। ऐसे यात्रियों को हवाईयात्रा का सबूत या टिकट दिखानी होगी। अन्य लोगों को फ्लाईओवर के उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। अनुचेत ने बताया कि इस क्षेत्र में आने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठनों, होटलों, आफिस व अन्य प्रतिष्ठानों को भी निर्देश दे दिए गए है कि दोपहर 3 बजे तक अपने अपने वाहन हटा ले या अन्य जगह पार्क करें। केवल पुलिस विभाग व इमरजेन्सी सेवाओं के वाहनों को आने जाने की अनुमति रहेगी।



# गुरुगोविंद और साहिबजादों की बहादुरी एवं आदर्शों ने लाखों लोगों को दी ताकत : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि माता गुजरी, गुरुगोविंद सिंह और साहिबजादों ने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया तथा उनकी बहादुरी और आदर्शों ने लाखों लोगों को ताकत दी। शर्मा सोमवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में राजापार्क स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंचे। शर्मा ने इस दौरान गुरुद्वारा में मत्था टेका और देश एवं प्रदेश में शांति, सद्भाव और अमन के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि आज गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस और बलिदान को याद करने का दिन है। वीर साहिबजादों के शौर्य की याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 26 दिसम्बर को देशभर में वीर बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में सभी धर्मों की अच्छी बातों का समावेश है और सिख समुदाय प्राणीमात्र के कल्याण के लिए समर्पित है। सिख धर्म नैतिकता, सामंजस्य और एकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है तथा समानता और एकता की बात करता है। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी में जो ज्ञान समाया है, आज उसको हमें मात्र पढ़ने की नहीं बल्कि अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार सिख समाज के अधिकारों की हमेशा रक्षा करेगी। हमारी सरकार संकल्प पत्र में वादे के अनुसार प्रदेश के ऐतिहासिक सिख धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए कार्य करेगी। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने शर्मा को गुरु गोविंद सिंह एवं साहिबजादों की तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम में सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सराफ, सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मत्था टेका

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में राजा पार्क स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में मत्था टेका और देश व प्रदेश में शांति, सद्भाव और अमन के लिए अरदास की। शर्मा ने कहा, आज गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस और बलिदान को याद करने का दिन है।

उन्होंने कहा वीर साहिबजादों के शौर्य की याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 26 दिसम्बर को देशभर में वीर बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सभी धर्मों की अच्छी बातों का समावेश है और सिख समुदाय प्राणी मात्र के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा सिख धर्म नैतिकता, सामंजस्य और एकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है तथा समानता और एकता की बात करता है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार सिख समाज के अधिकारों की हमेशा रक्षा करेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार संकल्प पत्र में वादे के अनुसार राज्य के ऐतिहासिक सिख धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए काम करेगी।

# संकल्पबद्ध तरीके से काम करने के लिये प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और पेपर लीक को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार संकल्पबद्ध तरीके से काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। शर्मा गंगानगर के करणपुर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। पिछली सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया... उस दौरान राजस्थान में 19 पेपर हुए जिसमें से 17 लीक हुए.. युवाओं पर कुठाराघात किया गया.. युवाओं के कुठाराघात को सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा जो भी इस पेपर लीक के दोषी है उनको सभी को सजा देने का काम राजस्थान की मौजूदा भाजपा की सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला की सुरक्षा हमारा पहला काम है। आपने पिछले दिनों देखा होगा कि महिला अत्याचार में राजस्थान पहले नंबर था। हमने वादा किया है महिला सुरक्षा हमारा पहला काम है और महिलाओं पर किसी भी तरह का अत्याचार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जन जन की पार्टी है। जनता हम पर विश्वास करती है, हमारे कार्यकर्ता पर विश्वास करती है। चुनावी वादे पूरे करने का भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जो जनता चाहती है वो ही हम करने वाले है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीट पर 25 नवंबर को मतदान हुआ। भाजपा ने 115 सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस को 69 सीट मिलीं। करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इस सीट पर अब पांच जनवरी को मतदान होगा।

# गहलोत के ओएसडी रहे दो अधिकारी हटाये गये

जयपुर। सरकार ने दो विशेषधिकारियों (ओएसडी) को हटा दिया। जिन अधिकारियों को हटाया गया उनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी रहे देवाराम सैनी भी हैं। इन अधिकारियों को अभी किसी और पद पर नहीं लगाया गया है। राज्य के कार्मिक विभाग ने सोमवार को यह आदेश जारी किया।

आदेश के अनुसार, राजस्थान के मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. देवाराम सैनी और महिपाल कुमार को आगामी आदेश तक पदस्थापन की प्रतीक्षा (एपीओ) रखा जाता है। ये दोनों राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। सैनी लंबे समय से गहलोत के साथ रहे हैं।

राज्य के नये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ओएसडी राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी योगेश कुमार श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। सत्ता परिवर्तन के बाद गहलोत सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं सचिव को पहले ही हटाकर पदस्थापन की प्रतीक्षा (एपीओ) में रखा गया है।

# अलवर जिले में नाबालिग से अपहरण और दुष्कर्म, आरोपियों की तलाश जारी

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में तीन लोगों ने 17 साल की एक लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता दवा खरीदने गई थी तभी आरोपियों ने उसे कार में अगवा कर लिया और उसे जबरन शराब पिलाई। वे उसे हथियार दिखा कर होटल ले गए जहां उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया।

खेड़ली के थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने कहा कि पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता का 23 दिसंबर की रात अपहरण कर आरोपी उसे जबरन कार में ले ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में आरोपियों का नाम मनोज सैनी, केदार सैनी और नरेंद्र बताया गया है। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई। आरोपियों की तलाश जारी है।



# खुद को ठगा महसूस कर रही है राजस्थान की जनता : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने को लेकर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

इसके साथ ही उन्होंने राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम बंद करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। डोटासरा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रदेश में 25 दिन बाद भी इनसे (भाजपा) मंत्रिमंडल नहीं बना और मुख्यमंत्री कार्यालय में अधिकारी तक नहीं लगे हैं। सरकार एवं मुख्यमंत्री कार्यालय को कौन चलाएगा यह 25 दिन बाद भी समझ से परे है। राजस्थान की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है कि ये हो क्या रहा है मंत्रिमंडल गठित क्यों नहीं हो रहा।'

कांग्रेस नेता ने कहा, 'मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं कि जल्द ही गठित होगा लेकिन इस जल्दी का मतलब क्या मानें । उनको स्पष्ट करना चाहिए, अपराध पर अंकुश लगाना चाहिए। रातूसर में दलित हत्याकांड के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए व राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम को दुबारा शुरू किया जाए भले ही सरकार इसका नाम बदल दे।'

उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। इसका परिणाम तीन दिसंबर को आया। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

वहीं चुरू जिले में चार-पांच लोगों ने केबल चोरी के संदेह में रविवार को दो दलित युवकों से मारपीट की। इनमें से एक बाद में मौत हो गई। इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए डोटासरा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपराधों को लेकर बहुत सी बातें की और तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर अनेक तोहमत लगाए लेकिन इस मामले में नामजद आरोपी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। कांग्रेस के 'डोनेट फ़ॉर देश' महाअभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सभी राज्यों में नंबर पर दो पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसमें अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की। एक सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की घोषणा 19 जनवरी को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले ही कर दी जाएगी।



# राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए वीर साहिबजादों के बलिदान को पूरा देश सदैव याद रखेगा : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी वीर बाल दिवस पर हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारा पहुंच मत्था टेका और प्रदेश की खुशहाली के लिए अरदास की, साथ ही उन्होंने सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को नमन किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आज पूरा देश वीर साहिबजादों को याद कर रहा है, जिन्होंने राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन किसी के आगे झुके नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे वीर साहिबजादों की शहादत की पुण्य स्मृति में 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि देश में अब तक उस औरंगजेब का महिमामंडन होता आया जिसने धर्म परिवर्तन नहीं करने पर वीर साहिबजादों को बहुत छोटी उम्र में जिन्दा दीवार में चुनवा दिया था।

वीर साहिबजादों की इस गौरवगाथा को जन जन के मानस पटल पर पहुंचाने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस वीर साहिबजादों के नाम से मनाने की शुरूआत की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा मोदी जी जैसा करिश्माई नेतृत्व ही ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले सकता है। देश की जनता ने देखा कि मोदी की अगुवाई में पहले भी अनेक ऐसे काम हुए हैं, जिससे युवा पीढ़ी हो हमारे गौरवशाली इतिहास का पता चलता है। हमारी आने वाली पीढ़ी अब देश के वीरों की गौरवगाथा को जानेगी।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगड़ी, मुकेश दाधीच, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चेची, किशनपोल भाजपा प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाडा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# विधानसभा अध्यक्ष से मिले विभिन्न संघों के पदाधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को विधानसभा में विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उनका अभिनन्दन किया। जयपुर हार्डवेयर मर्चेन्टस ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रमन लोहिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के दल ने देवनानी को साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। देवनानी से हितेष मिश्रा की अगुवाई में सुपर-7 क्लब के पदाधिकारियों ने भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मंत्री व विधायक सुभाष गर्ग ने भी मंगलवार को यहां विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात की। गर्ग ने देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर अध्यक्ष बनने की बधाई दी।

## सहायक उप निरीक्षक 50 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को सीकर जिले में पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को परिवादी से 50 हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। ब्यूरो की ओर से यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस थाना फतेहपुर सदर के सहायक उप निरीक्षक इन्तयाज खान को गिरफ्तार किया गया है। परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण में गिरफ्तारी का भय दिखाकर सहायक उप निरीक्षक इन्तयाज खान ने एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कर मंगलवार को कार्रवाई करते हुए खान को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बयान में कहा गया है कि आरोपी से पूछताछ जारी है।

# पार्टी कर क्लब से निकली युवती को गाड़ी से कुचलकर मार डाला

जयपुर। जवाहर सर्किल थाने के इंचार्ज दलबीर सिंह के अनुसार इलाज के दौरान युक्ति उमा सुथार की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त राजकुमार जाट गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को पता चला कि उमा सुथार राजकुमार जाट के साथ होटल में गई थी। दोनों युगल पार्टी करके होटल से सुबह 5:00 के आसपास बाहर निकले, इनके साथ और एक जोड़ा भी बाहर आया जिसको सीसीटीवी फुटेज में देखा गया।

यह एक दूसरे के जानकार बताय जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज से ही पता लगा कि इन दोनों के बीच आपसी कहासुनी हो रही थी। इसके बाद आरोपी मंगेश अरोड़ा ने डंडा अपनी गाड़ी से डंडा निकालकर हमला करने का प्रयास किया, जिसमें नाकाम होने के बाद मंगेश अपनी गाड़ी में जा बैठा और उसमें गाड़ी उमा सुथार और राजकुमार जाट पर चढ़ा दी जिसके कारण राजकुमार जाट छिटककर दूसरी तरफ गिर गया और उमा सुथार गाड़ी के नीचे आ गई जिसको अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई।



# श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर में लगाई पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। पुष्कर मार्गशीष मास की पावन पूर्णिमा के मौके पर आज हजारों लोगों ने पवित्र पुष्कर सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर धर्मलाभ प्राप्त किया। अलसुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का रैला उमड़ने लगा। सरोवर में स्नान करने के बाद पुरोहितों को दान दक्षिणा दी और गायों को चारा खिलाया गया, बाद में जगतपिता ब्रह्मा के दर्शन किये। वहीं आज शाम को जयपुर घाट पर श्री दिव्य पुष्कर राज महाआरती महासंघ की ओर से महाआरती का आयोजन किया जाएगा। संघ के संस्थापक अजय शर्मा ने बताया कि महाआरती पं. चंद्रशेखर गौड़ करेंगे। वहीं महाआरती से पूर्व पं. कैलाशनाथ दाधीच के आचार्यत्व में मुख्य यजमान शकुंतला कौशिक परिवार की ओर से सरोवर का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर वृंदावन के कथा वाचक संदीप कृष्ण ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा अनेक प्रबुद्धजन व श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।



# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने किया ब्रह्मा मंदिर के दर्शन

अजमेर। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर आज पुष्कर स्थित जगत पिता ब्रह्मा मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विश्व के एकमात्र मंदिर जगत पिता ब्रह्मा जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

दर्शन के दौरान विधायक सुरेश सिंह रावत, पालिका अध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, भाजपा मंडल महामंत्री अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत, कमल रामावत, धर्मेंद्र नागोरा, विष्णु सेन, संदीप पाराशर, गिरधर गोपाल पाराशर, दाऊ दयाल पाराशर, लवांशु वैष्णव ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर ब्रह्मा मंदिर के पुजारी विष्णु वशिष्ठ ने संगठन मंत्री चंद्रशेखर को शॉल उड़ाया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के दौरान बातचीत में बताया कि आज पूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने ब्रह्मा मंदिर के दर्शन कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की है।

# वैज्ञानिकों ने विकसित की फसलों की पैदावार बढ़ाने वाली 'इलेक्ट्रॉनिक' मिट्टी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** वैज्ञानिकों ने विद्युत सुचालक एक ऐसी ''मिट्टी'' विकसित की है जिससे औसतन 15 दिन में जौ के पौधों की 50 प्रतिशत अधिक वृद्धि हो सकती है। वैज्ञानिकों ने ऐसा दावा किया है।

मिट्टी रहित खेती की इस विधि को 'हाइड्रोपोनिक्स' के रूप में जाना जाता है। इस विधि में ऐसी जड़ प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है जिसे खेती के नए 'सब्सट्रेट' (ऐसा पदार्थ या सतह जिस पर कोई पौधा बढ़ता है) के माध्यम से विद्युत रूप से उत्तेजित किया जाता है। स्वीडन स्थित लिंकोपिंग विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर एलेनी स्तावरिनिडौ ने कहा, दुनिया की आबादी बढ़ रही है और जलवायु परिवर्तन भी हो रहा है इसलिए यह स्पष्ट है कि हम खेती के केवल पहले से मौजूद तरीकों से पृथ्वी की खाद्य जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं होंगे। स्तावरिनिडौ ने कहा, लेकिन हाइड्रोपोनिक्स की मदद से हम शहरों में भी बहुत नियंत्रित परिवेश में फसल उगा सकते हैं। टीम ने हाइड्रोपोनिक खेती के अनुरूप एक विद्युत सुचालक खेती सब्सट्रेट विकसित किया, जिसे वे ई-सॉइल कहते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि विद्युत सुचालक ''मिट्टी'' में उगाए गए जौ के पौधे 15 दिनों में तब 50 प्रतिशत अधिक तेजी से बढ़े जब उनकी जड़ों को विद्युतीय रूप से उत्तेजित किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के यू-ट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर की संख्या दो करोड़ के पार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निजी यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइबर की संख्या मंगलवार को दो करोड़ को पार कर गई। इसके साथ ही यह गौरव हासिल करने वाले मोदी विश्व के एकमात्र नेता बन गए हैं। इस मामले में विश्व के अन्य समकालीन नेता उनसे बहुत पीछे हैं। अधिकारियों ने कहा कि मोदी के चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो को 4.5 अरब से अधिक बार देखा गया है। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो करीब 64 लाख सब्सक्राइबर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चैनल पर वीडियो देखे जाने के मामले में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की भारतीय प्रधानमंत्री के बाद दूसरे स्थान पर हैं। जेलेंस्की के चैनल पर 22.4 करोड़ बार वीडियो देखा गया है।

## गोगोई ने धनखड़ के शिष्टाचार का 'मजाक उड़ाने' के लिए कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य और भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से झुककर बात करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करके मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। धनखड़ उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे।

गोगोई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, राज्यपाल होते हुए भी वह ममता बनर्जी से झुककर बात कर रहे हैं। क्योंकि यह उनका आदर्श और शिष्टाचार है। कांग्रेस के नेताओं ने उनके शिष्टाचार का मजाक उड़ाया।

राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने हाल में विपक्षी नेताओं द्वारा एक वीडियो साझा करने के बाद दुख जताया था, जिसमें वह झुककर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह उनके संस्कार हैं और यह मायने नहीं रखता कि उनके सामने कौन खड़ा है।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी का एक वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी नेताओं की आलोचना की थी, जिसमें बनर्जी संसद से विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर धनखड़ की नकल उतार रहे थे जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तृणमूल नेता बनर्जी का वीडियो बना रहे थे। गोगोई 2020 से राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं।



# शाह, नड्डा ने कालीघाट मंदिर में पूजा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कोलकाता के कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की।

शाह और नड्डा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों का आकलन करने के लिए पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर राज्य आए हैं। शाह और नड्डा ने अपने दौरे की शुरुआत करते हुए मध्य कोलकाता स्थित गुरुद्वारा बड़ा सिख संगत में मत्था टेका और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित दक्षिण कोलकाता में कालीघाट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। राज्य में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, दोनों नेताओं ने गुरुद्वारा और कालीघाट मंदिर में पूजा की। वे शाम को नई दिल्ली रवाना होने से पहले दोपहर में कई संगठनात्मक बैठकें करेंगे। वे हमारी संगठनात्मक ताकत और संगठनात्मक तैयारी का जायजा लेंगे। दोनों नेताओं की इस यात्रा का उद्देश्य अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में संगठनात्मक स्थिति का आकलन करना है।



## चर्च ने त्रिपुरा के मूल निवासियों की पहचान को नष्ट कर दिया है : जनजातीय नेता

**अगरतला/भाषा।** जनजाति सुरक्षा मंच (जेएसएम) के नेता प्रकाश सिंह उइके ने चर्च पर स्वदेशी लोगों की पहचान को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि वे उन लोगों का विरोध करेंगे जो आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे हैं। उइके ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब लोगों को दो जनजातियों-रियांग और त्रिपुरी की संस्कृति को देखने के लिए संग्रहालयों में जाना होगा। उइके के अनुसार चर्च ने धर्मांतरण को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करके आदिवासियों की विशिष्ट पहचान को नष्ट कर दिया है। जनजाति सुरक्षा मंच के नेता ने धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों को सूची से हटाने की मांग को लेकर यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 70 वर्षों से जो आदिवासी रीति-रिवाजों, परंपराएं, प्रथाओं, विश्वासों, परंपराओं और संस्कृति का पालन करते रहे हैं, वे धर्मांतरण के कारण अनुच्छेद 342 के तहत संविधान के तहत प्रदत्त लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं। क्या धर्म परिवर्तन के बाद आदिवासी अपनी पुरानी परंपरा, संस्कृति और रीति-रिवाज का पालन करते हैं?

# कांग्रेस नेतृत्व के साथ बिहार के नेताओं की बैठक, सीट बंटवारे में लचीलेपन और सामंजस्य पर जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेतृत्व ने मंगलवार को अपनी बिहार इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर सामंजस्य बैठाने पर जोर देने के साथ ही एक कार्य योजना के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया गया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता 29 दिसंबर को पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की बैठक में अपनी बात रखेंगे और उसके आधार पर यह समिति राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत करेगी। कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में बिहार में संगठन की स्थिति, चुनाव की तैयारियों और सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और कई अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के बाद खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बिहार इकाई के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार मज़बूती से बिहार के लोगों की आशा के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बिहार की तरक़्क़ी, ख़ुशहाली और अमन-चैन के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से जन-जन तक जाने और बिहार के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने को तत्पर है।

बैठक के बाद अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाताओं से कहा, पहले से स्पष्ट है कि कांग्रेस बिहार में गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। एक कार्य योजना बनाई गई है, उसे विस्तृत रूप देकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक में सीटों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से अपनी बात रखी जाएगी।

सिंह ने कहा, खरगे और राहुल गांधी ने विस्तार से बात सुनी। उन्होंने कुछ बातें बताई, हम इस पर रूपरेखा तैयार करके आगे बढ़ेंगे।

यह पूछे जाने पर कांग्रेस कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने कहा, पिछली बार हम राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़े थे। इस बार जनता दल (यू) भी है। एक दो सीट आगे-पीछे होने में कोई तकलीफ नहीं है। हम सामंजस्य बनाकर लड़ेंगे और भाजपा को हराएंगे।

## झारखंड : ईडी ने 'अवैध' रेत, शराब, भूमि बिक्री मामले में आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली/भाषा।** झारखंड में रेत, शराब और जमीन की कथित अवैध बिक्री से जुड़ी जांच में धन शोधन रोधी कानून के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

ईडी ने दावा किया कि अवैध गतिविधियों के माध्यम से 2021-22 के दौरान 14 करोड़ रुपए से अधिक की आय अर्जित की गई। इसने कहा कि आरोप पत्र 16 दिसंबर को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल किया गया था। आरोप पत्र में मुख्य आरोपी जोगेंद्र तिवारी सहित सारण अल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड, संथाल परगना प्राइवेट लिमिटेड, मैहर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और राजमहल ट्रेडर्स जैसी कंपनियों को नामित किया गया है।

# रेलवे स्टेशनों पर 'सेल्फी बूथ' सरकारी पैसे की बर्बादी : खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सूचना के अधिकार के तहत रेलवे विभाग की ओर से मिले जवाब का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों वाले 'सेल्फी बूथ' स्थापित करना करदाताओं के पैसे की ''बर्बादी'' है जबकि विपक्षी दल शासित राज्य मनरेगा निधि का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत प्राप्त उत्तर की एक प्रति साझा की, जिसमें मध्य रेलवे के तहत उन स्टेशनों को सूचीबद्ध किया गया है जहां अस्थाई और स्थाई सेल्फी बूथ स्थापित किए गए हैं।

इस आरटीआई उत्तर के अनुसार, श्रेणी ए के स्टेशनों के लिए अस्थाई 'सेल्फी बूथ' की स्वीकृत लागत 1.25 लाख रुपए है, जबकि श्रेणी सी स्टेशनों के लिए स्थाई 'सेल्फी बूथ' की स्थापना लागत 6.25 लाख रुपए है। खरगे ने आरोप लगाया, मोदी सरकार द्वारा आत्ममुग्ध प्रचार की कोई सीमा नहीं ! रेलवे स्टेशनों पर मोदी जी के 3डी सेल्फी पॉइंट स्थापित करना करदाताओं के पैसे की पूरी तरह से बर्बादी है।

## उमेश पाल हत्याकांड में वांछित गुड्डू मुस्लिम का मकान कुर्क किया

**प्रयागराज/भाषा।** नगर के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में वांछित और पांच लाख रुपए के इनामी अभियुक्त गुड्डू मुस्लिम का चकिया स्थित मकान प्रयागराज पुलिस ने कुर्क कर दिया। एसीपी (धूमनगंज) वरुण कुमार ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड में वांछित अभियुक्त गुड्डू मुस्लिम का मकान और मकान में रखे सामान को सीआरपीसी की धारा 83 के तहत पुलिस ने आज कुर्क कर दिया। उन्होंने बताया कि पहले भी पुलिस की टीम यहां आई थी, लेकिन उस समय प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा इस मकान को सील किया गया था। आज पीडीए की टीम के साथ समन्वय कर इस मकान को खुलवाया गया। अभी तक 4 लोगों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है और बाकी बचे दो अभियुक्तों- शाइस्ता परवीन (अतीक की पत्नी) और अरमान की कुर्की तीन चारों दिनों में की जाएगी। भारी पुलिस बल के साथ गुड्डू मुस्लिम के मकान पर पहुंची धूमनगंज थाना की पुलिस ने कुर्की की यह कार्रवाई की।

## कोका-कोला ने आईसीसी के साथ 2031 तक बढ़ाई अपनी साझेदारी

**नई दिल्ली/भाषा।** पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी कोका-कोला ने आईसीसी के साथ अपनी साझेदारी को आठ साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की। इसके साथ ही यह क्रिकेट संस्था के साथ सबसे लंबे समय तक जुड़े रहने वाला ब्रांड बन जाएगा। कोका-कोला और आईसीसी की ओर से जारी संयुक्त बयान के अनुसार, आईसीसी के मुख्यालय में दोनों ने यह साझेदारी 2031 के अंत तक बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस कदम के साथ ही कोका कोला अब आईसीसी के साथ सबसे लंबे समय 13 वर्ष (2019-2031) तक जुड़े रहने वाला ब्रांड बन जाएगा। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा कि यह दीर्घकालिक सहयोग खेल के लिए रोमांचक संभावनाओं से भरे नए व्यावसायिक युग की शुरुआत है।

# बेहतर मौसम पूर्वानुमान के लिए अधिक वेधशालाओं की आवश्यकता: रीजीजू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु में हुई अत्यधिक बारिश की घटनाओं समेत मौसम का बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए और अधिक वेधशालाएं स्थापित करने की जरूरत है।

अगले महीने 150वें साल में प्रवेश करने जा रहे भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नए प्रतीक चिह्न का अनावरण करने के बाद रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि तमिलनाडु में दिसंबर में भारी बारिश होती है लेकिन इतनी भारी बारिश को रोकने के कोई उपाय नहीं हैं। मंत्री ने कहा, हमें केवल सतर्क रहना होगा और जानमाल का नुकसान रोकने के लिए कदम उठाने होंगे। पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन के अनुसार, उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मौसम का पूर्वानुमान लगाना बहुत मुश्किल है और किसी भी मौसम पूर्वानुमान मॉडल ने 90 सेमी वर्षा का अनुमान नहीं लगाया था, जो पिछले सप्ताह तमिलनाडु के तुत्तुक्कुडी जिले के कयालपट्टनम नगर निकाय क्षेत्र में देखी गई। तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी और तेनाकासी जिलों में भी भारी वर्षा हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना 15 जनवरी, 1875 को हुई थी और यह अगले महीने 150वें वर्ष में प्रवेश करेगा।

## कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य देश को लूटना और परिवार को समृद्ध बनाना है : भाजपा

**लखनऊ/भाषा।** कांग्रेस की पिछले हफ्ते से जारी 'उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा' के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक मात्र उद्देश्य देश को लूटना और परिवार को समृद्ध बनाना है।

कांग्रेस ने 20 दिसंबर से 'उप्र जोड़ो यात्रा' सहारनपुर से शुरू की। मंगलवार को कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया, प्यार का पैगाम और लोकतंत्र बचाने का संदेश लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में चल रही 'उप्र जोड़ो यात्रा' के सातवें दिन का यात्रा मार्ग। इस पोस्ट में यात्रा स्थलों का जिक्र करते हुए कहा गया है, इन राहों पर चलकर हम प्रदेश को मोहब्बत के एक धागे में पिरो रहे हैं। सातवें दिन कांग्रेस की यात्रा मुरादाबाद जिले के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस बीच, भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई ने 'एक्स' पर दावा किया, देश ने देखा परिवारवाद से विकासवाद तक का सफर, दशकों तक एक ही परिवार ने देश में राज किया, जिसका मात्र एक ही उद्देश्य था, देश को लूटना और परिवार को समृद्ध बनाना। भाजपा ने इस पोस्ट में भाजपा सरकार के कार्यों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का एक वीडियो साझा किया है।

## ओडिशा : भाजपा सांसद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें दो घंटे बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया



**भुवनेश्वर/भाषा।** वरिष्ठ भाजपा नेता और भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने आरोप लगाया है कि उनके लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीसागर इलाके में लोगों के एक समूह ने उन्हें दो घंटे तक बंधक बनाए रखा। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सारंगी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिखकर दौरों के दौरान उनकी सुरक्षा के प्रति कथित उदासीनता पर सवाल उठाए।

सारंगी ने पत्र में लिखा, मैं निवासियों के निमंत्रण पर सोमवार शाम को एक बैठक आयोजित करने के लिए वार्ड नंबर-43 में गई थी, इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने मेरी कार रोकी और मुझे बैठक स्थल पर जाने से रोका। मैं कार में बैठकर दो घंटे तक पुलिस द्वारा स्थिति नियंत्रण में लाए जाने का इंतजार करती रही। सांसद ने आरोप लगाया, यह राज्य सरकार की ओर से दुर्भावनापूर्ण मंशा को दर्शाता है। राज्य सरकार मेरे बर्बाद हुए समय की भरपाई कैसे करेगी?'' पत्र में कहा गया है, विनम्रतापूर्वक, मैं पूछती हूं कि क्या मुख्यमंत्री के काफिले को सड़क पर पांच मिनट के लिए भी रोका जा सकता है? मुझे लगता है कि हर किसी का समय समान रूप से मूल्यवान है। मैं अपने उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की उम्मीद करूंगी।

## झारखंड में कोयले से लदे 54 ट्रक जब्त

**धनबाद (झारखंड)/भाषा।** बिहार जा रहे कोयला लदे 50 से अधिक ट्रकों को कोयले की ढुलाई के लिए वैध दस्तावेज नहीं होने के आरोप में झारखंड के धनबाद जिले में जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 1,350 टन कोयला ले जा रहे ट्रकों को धनबाद प्रशासन के एक विशेष अभियान के तहत जब्त किया। अभियान रविवार रात 11 बजे से शुरू होकर सोमवार तड़के साढ़े चार बजे तक चला।

आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिला खनन कार्य बल ने जी टी रोड पर तोपचाची क्षेत्र में कुल 44 और हरिहरपुर इलाके में 10 ट्रक को जब्त किया। इसमें बताया कि इन 54 ट्रकों के पास कोयले की ढुलाई के लिए वैध दस्तावेज नहीं थे। उपायुक्त बरुण रंजन ने कहा, जिले में कोयला, रेत और खनिजों के अवैध खनन, भंडारण और ढुलाई के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शृंखला जीतने के लिए भाग्य की थोड़ी जरूरत होगी : द्रविड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर टेस्ट शृंखला को जीतने के लिए उनकी टीम को किस्मत की भी थोड़ी जरूरत होगी।

भारतीय टीम ने 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। टीम हालांकि पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट शृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में सफलता का स्वाद चख चुकी भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में सिर्फ चार जीत दर्ज की हैं।

द्रविड़ ने दो मैचों की शृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, हम कई बार करीब आए हैं और हमने यहां कुछ अच्छी क्रिकेट खेली है। हम कुछ अहम पलों में अपना दबदबा बनाए रखने में सफल नहीं रहे। हमें कई बार ऐसा लगा कि अगर टीम ने यहां 40-50 रन और बनाए होते तो और अधिक चुनौती पेश कर सकते थे।

इस पूर्व महान बल्लेबाज ने कहा कि दो साल पहले पिछले दौरे पर जिस तरह से भारत ने गेंदबाजी की थी, उससे टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। भारतीय टीम पिछले दौरे पर 1-0 की बढ़त बनाने के बाद 1-2 से शृंखला गंवा बैठी थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने पिछले दौरे पर काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। इससे हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा कि हमारी गेंदबाजी आक्रमण के पास इन परिस्थितियों में 20 विकेट लेने की क्षमता है।

द्रविड़ ने कहा, इन परिस्थितियों में आपको थोड़े से भाग्य की भी जरूरत होती है, बहुत सारे मौके होते हैं जो आपके हाथ से निकल जाते हैं। कई बार ऐसा होता है जब गेंद बल्ले के बेहद करीब से निकल जाती है। आप चाहते हैं कि आपको किस्मत का साथ मिले और गेंद प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों के बल्ले का किनारा लेकर निकले। द्रविड़ ने कहा, भाग्य का साथ भी हालांकि तभी मिल सकता है जब आप अपने कौशल का अच्छा इस्तेमाल कर यह सुनिश्चित करते हैं कि आप गेंद को सही क्षेत्र में डाल रहे हैं। जब आवश्यक हो तो आप अपना अनुशासन और धैर्य बनाए रखते हैं।

भारतीय कोच ने पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के बारे में पूछे जाने पर कहा, प्रसिद्ध अच्छा गेंदबाज है लेकिन हमें यथार्थवादी होना होगा कि यह उसका पहला टेस्ट मैच है। कई कारणों से उनके पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अधिक अनुभव नहीं है। मुझे उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा और खेल का लुत्फ उठाएगा। यह बहुत ही प्यारा पल होता है जब हम किसी को नई कैप (पदार्पण का मौका) देते हैं।

## मैं मौजूदा एथलीटों से ईर्ष्या करती हूं क्योंकि मैंने गलत युग में प्रतिस्पर्धा की: अंजू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की पहली पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज ने देश में खेलों को बढ़ावा देने और बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने 'गलत युग में' प्रतिस्पर्धा की। क्रिसमस के मौके पर प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में मैंने लगभग 25 वर्षों तक प्रतिस्पर्धा की और मैं बहुत सारे बदलाव देख रही हूं।

जब मैंने 20 साल पहले भारत को पहला वैश्विक पदक दिलाया था तो मेरा विभाग भी मुझे पदोन्नति देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन नीरज (चोपड़ा) के पदक जीतने के बाद मैंने बदलाव देखे हैं... जिस तरह से हम जश्न मना रहे हैं... मैं उनसे ईर्ष्या करती हूं क्योंकि मैं गलत युग में थी। पेरिस में 2003 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली अंजू ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बात की और बताया कि कैसे देश अब एथलीटों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाता है। उन्होंने कहा, महिला सशक्तिकरण अब सिर्फ शब्द नहीं है। हर भारतीय लड़की सपने देखने के लिए तैयार है और उन्हें पता है कि उनके सपने सच होंगे।

## सुविचार

जिंदगी तुम बहुत खूबसूरत हो,
इसलिए मैंने तुम्हें सोचना बंद
और तुम्हें जीना शुरू कर दिया।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हमारी भाषाएं हमारी शक्तियां

द्रमुक के लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन द्वारा उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों पर महीनों पहले की गई कथित टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसके विरोध में आवाजें उठना स्वाभाविक है। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राजद और तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक, दोनों विपक्ष के 'इंडि' गठबंधन में शामिल हैं। इस तरह की टिप्पणियां आगामी लोकसभा चुनावों में 'इंडि' गठबंधन के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। नेताओं को धर्म और भाषा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर टिप्पणी करते समय संयम बरतना चाहिए और लोगों की प्रतिक्रिया का खासतौर से ध्यान रखना चाहिए। हर व्यक्ति को अपनी भाषा प्रिय होती है। हर भाषा अपनी जगह सुंदर व श्रेष्ठ है। भारत में किसी समय खास हिस्सों में कुछ भाषाओं को लेकर तनाव देखने को मिलता था, लेकिन यह देशवासियों का विवेक एवं सद्भाव है कि अब हर भाषा के प्रति सम्मान बढ़ता जा रहा है। दक्षिण भारत की फिल्में उत्तर भारत में कमाई के रिकॉर्ड कायम कर रही हैं। दक्षिण भारतीय कलाकार उत्तर भारत में भी बहुत आदर पाते हैं। दक्षिण भारत में जन्मे कई वैज्ञानिक और विद्वान उत्तर भारत में नायक का दर्जा रखते हैं। उत्तर-पूर्व के खिलाड़ी, योद्धा, सैन्य अधिकारी संपूर्ण भारत में युवाओं के आदर्श बन रहे हैं। उत्तर भारतीय साहित्य, संगीत, त्योहार, पहनावा, खानपान, परंपराएं आदि दक्षिण भारत के जनजीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं। लिहाजा नेताओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे ऐसा कोई बयान न दें, जिससे देश की सामाजिक समरसता को नुकसान होता है। हमारी भाषाएं हमारी शक्तियां हैं। आज बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में आकर कारोबार करती हैं तो उन्हें अंग्रेजी के अलावा हिंदी एवं अन्य भाषाओं के जानकार कर्मचारियों को नियुक्त करना होता है। भारत का सिनेमा विदेशों में इतना पसंद किया जा रहा है तो इसके पीछे हमारी भाषाएं भी हैं।

कई विदेशी नागरिक हिंदी, तमिल, कन्नड़, बांग्ला, गुजराती और विभिन्न भारतीय भाषाएं सीखकर हर महीने लाखों रुपए कमा रहे हैं। यूट्यूब ऐसे विदेशियों से भरा पड़ा है, जो हमारी भाषाएं सीखकर हमसे अच्छे-खासे व्यूज ले रहे हैं। बेशक मौजूदा दौर में रोजगार के अधिक अवसरों के लिए अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम अपनी भाषाओं को कमतर समझने लग जाएं। प्राय: (कुछ नेताओं द्वारा) यह कहा जाता है कि अगर हिंदी सीखेंगे तो कुछ खास किस्म के काम ही कर पाएंगे, जबकि अंग्रेजी सीख लेने का मतलब है- ऊंचा पद और प्रतिष्ठा। इस धारणा को बदलने की जरूरत है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अंग्रेजीभाषी लोग भी वे काम करते मिल जाते हैं, जिन्हें भारत में हिंदी से जोड़कर देखा जाता है। यह दलील भी ग़लत है कि केवल कुछ काम ऊंचे और प्रतिष्ठा वाले हैं। अगर कोई व्यक्ति अपनी मेहनत और ईमानदारी से काम कर रहा है तो ऐसा हर काम श्रेष्ठ है। वह व्यक्ति एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। उसकी गरिमा और स्वाभिमान का सम्मान करना चाहिए। जहां तक 'काम' का सवाल है, तो उसके लिए अवसरों की उपलब्धता समेत कई बिंदु मायने रखते हैं। आपको चीन, जापान व द. कोरिया जैसे देशों में कई कंपनियों में ऐसे शीर्ष अधिकारी मिल जाएंगे, जिनकी अंग्रेजी अच्छी नहीं है। वहां कई विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, जिन्होंने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई नहीं की थी। उन्होंने अपनी भाषा में कार्य-व्यवहार करते हुए तरक्की पाई। इसका यह अर्थ भी नहीं है कि हमें अंग्रेजी या किसी भाषा का विरोध करना चाहिए। हर भाषा को सीखने के फायदे होते हैं। हम मातृभाषा सीखें, अन्य भाषाएं सीखें और अंग्रेजी भी सीखें। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ता जाएगा, हर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। आज हिंदी में चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई हो रही है। भविष्य में उच्च शिक्षा के अन्य पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो जाएंगे। तब हिंदी को कुछ खास कामों से जोड़ने की बातों पर अपनेआप विराम लग जाएगा।

## ट्वीटर टॉक



हमारी सरकार राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है। आज देश के पास नीतियां भी हैं, नियत भी। आज देश के पास निर्णय शक्ति भी है और निश्चय शक्ति भी है। इसलिए आज हम लक्ष्य तय कर रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों के बलिदान दिवस 'वीर बाल दिवस' पर परिवार के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब जाकर माथा टेका। धर्म रक्षा हेतु गुरु गोविंद सिंह जी और उनके साहिबज़ादों के त्याग और बलिदान की महान गाथा भावी पीढ़ियों तक ज़रूर पहुँचनी चाहिए।

**-गजेन्द्रसिंह शेखावत**



कांग्रेस लोकतंत्र की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए हमेशा से समर्पित रही है। एक सशक्त व समावेशी लोकतंत्र के निर्माण और देश के बेहतर भविष्य के लिए आज मेरे द्वारा किया गया योगदान। मेरा आप सभी से अनुरोध है कि राष्ट्रहित के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई गई।

**-सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

### वचन की कीमत

धार्मिक गुरु खलीफा उमर बेहद इंसाफ़ प्रिय और शूरवीर थे। एक बार ईरानी सेना ने उनकी फौज पर हमला बोल दिया। जंग कई दिनों तक जारी रहा। अंततः ईरानी सेना हार गई। उसके सेनापति को कैद कर, खलीफा के सामने हाज़िर किया गया। खलीफा ने हुक्म दिया, 'इसका सिर कलम कर दो।' तभी ईरानी सेनापति ने गुहार लगाई, 'ठहरिए हुजूर, मैं प्यासा हूं।' खलीफा ने तुरंत पानी मंगवाया। बावजूद इसके सेनापति भय से कांप रहा था। खलीफा ने उसे दिलासा दिया, 'तू बेखौफ पानी पी ले। हम तेरे से वादा करते हैं कि जब तक तू पानी नहीं पी लेगा, तब तक जिंदा रहेगा।' सुनकर ईरानी सेनापति ने पानी का प्याला लुढ़का दिया। बोला, 'हुजूर! अब तो मुझे पानी नहीं पीना। आप चाहें, तो मेरा सिर धड़ से अलग कर दें। लेकिन अपने वचन का ख्याल रखें।' खलीफा उमर गहरी सोच में पड़ गया। बोला, 'जाओ, तुम्हें आजाद किया। मेरे वचन की कीमत तेरी जान से कहीं ज्यादा है।

## सामयिक



**गहलोत व पायलट की आपसी लड़ाई में राजस्थान कांग्रेस को जितना नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई होना मुश्किल लगता है। दोनों ही नेताओं को प्रदेश की राजनीति से बाहर भेज दिया गया है। अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जो लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न दलों से गठबंधन पर चर्चा करेगी। इस पांच सदस्यों वाली समिति का संयोजक पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक को बनाया गया है। जबकि समिति में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद व मोहन प्रकाश को सदस्य बनाया गया है।**

# राजस्थान कांग्रेस में समाप्त हुआ गहलोत-पायलट युग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नए लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अवादत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं। 2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गए थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गए थे।

उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी। मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदो से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दे दी थी। मुख्यमंत्री गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था।

आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था। पायलट की बगावत से लेकर विधानसभा चुनाव तक गहलोत व पायलट द्वारा लगातार एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी की जाती रही थी। 2022 को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के लिए 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाया था।

जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे व अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था। मगर अशोक गहलोत गुट के शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेंद्र राठौर ने विधायक दल की बैठक ही नहीं होने दी। धारीवाल ने अपने आवास पर विधायकों की समानान्तर बैठक आयोजित कर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आहूत विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवा दिया था। जिस कारण से सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने से रह गए थे। उसी दौरान सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भी नामित किया था। मगर गहलोत ने मुख्यमंत्री पद जाने के डर से अध्यक्ष बनने से भी इंकार कर दिया था।

गहलोत व पायलट की आपसी लड़ाई में राजस्थान कांग्रेस को जितना नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई होना मुश्किल लगता है। दोनों ही नेताओं को प्रदेश की राजनीति से बाहर भेज दिया गया है। अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जो लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न दलों से गठबंधन पर चर्चा करेगी। इस पांच सदस्यों वाली समिति का संयोजक पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक को बनाया गया है। जबकि समिति में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद व मोहन प्रकाश को सदस्य बनाया गया है। नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनने के कारण अशोक गहलोत राष्ट्रीय राजनीति में व्यस्त हो जाएंगे और उनके पास प्रदेश की राजनीति के लिए समय नहीं बचेगा। इसी तरह सचिन पायलट को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाकर छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अब तक की सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पद गंवाना पड़ा है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पास लोकसभा के मात्र दो ही सदस्य है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के नाते सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनने के बाद सचिन पायलट का भी राजस्थान की राजनीति से जुड़ाव काम हो जाएगा। उनका ज्यादा समय राजस्थान के बाहर ही बीतेगा।


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी को पदमुक्त कर दिया है। बायतु क्षेत्र से मात्र 910 वोटो से जीते हरीश चौधरी गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व सांसद भी रह चुके हैं। ऐसे में चर्चा है कि हरीश चौधरी को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। अभी जाट समाज से गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष है। जिनका हटना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के नवनिर्वाचित 69 विधायकों में सबसे अधिक संख्या जाट, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विधायकों की है। इसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद पर हरीश चौधरी व विधायक दल के नेता के पद पर आदिवासी समुदाय के महेंद्रजीत सिंह मालवी की नियुक्ति हो सकती है। महेंद्रजीत मालवीय अभी कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य है तथा लगातार विधायक का चुनाव जीत रहे हैं। गहलोत सरकार में भी वह कैबिनेट मंत्री थे। उनकी आदिवासी क्षेत्र में अच्छी पकड़ मानी जाती है। राजस्थान में अलवर से सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह को भी कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव पद पर बरकरार रखा गया है।

अगले 6 महीने बाद लोकसभा के चुनाव होने हैं। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटे जीत रही है। इस बार भी भाजपा के नेता प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। ऐसे में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कितनी सफलता प्राप्त कर पाती है इसका पता तो आने वाले चुनाव के बाद ही चल पाएगा। मगर कांग्रेस का जो भी नया प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता बनेगा उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस को फिर से एकजुट कर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने की रहेगी। जिसमें वो कितने सफल होंगे इसका पता तो बाद में ही लगेगा। फिलहाल तो यह देखना है कि कांग्रेस आलाकमान राजस्थान में चल रहे गहलोत पायलट गुट को कमजोर कर निर्विवाद छवि वाले नेताओं को कितना आगे बढ़ा पाता है इसका सभी को इंतजार हैं।

## विशेष

# गहन मानवीय चेतना के चितेरे थे मिर्जा गालिब

**ललित गर्ग**
**मो.: 9811051133**



**गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं।**

मिर्जा ग़ालिब उर्दू-फ़ारसी के प्रख्यात कवि तथा महान शायर थे। वे सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे। ग़ालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नए ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। ग़ालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किए हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ गालिब था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। गालिब के पिता मिर्जा अब्दुल्ला बेग ने इज्ज़त-उत-निसा बेगम से निकाह किया और अपने ससुर के घर में रहने लगे। उन्होने पहले लखनऊ के नवाब और बाद में हैदराबाद के निजाम के यहाँ काम किया। 1802 में अलवर में एक युद्ध में उनकी मृत्यु के समय गालिब मात्र 5 वर्ष के थे। जब गालिब छोटे थे तो एक नव-मुस्लिम-वर्तित ईरान से दिल्ली आए थे और उनके सान्निध्य में रहकर गालिब ने फारसी सीखी। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले गए। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को इन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालय में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को गालिब मेमोरियल में तब्दील कर दिया गया।

गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था। इसीलिए उन्हें पत्र-पुरोधा भी कहा जाता था। आज भी उनके पत्रों को उर्दू साहित्य में एक अहम विरासत माना जाता है। मिर्जा गालिब ने 11 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी पहली कविता लिखी थी। मिर्जा गालिब की मातृभाषा उर्दू थी लेकिन तुर्की और फारसी भाषाओं पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अरबी, फारसी, दर्शन और तर्कशक्ति का भी अध्ययन किया था।

बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 1850 ई. में गालिब को दबीर-उल-मुल्क और नज्म-उद-दौला की उपाधि प्रदान की थी। इसके अलावा बहादुर शाह जफर द्वितीय ने गालिब को मिर्जा नोशा की उपाधि प्रदान की थी, जिसके बाद गालिब के नाम के साथ मिर्जा शब्द जुड़ गया। तबियत से खुद एक शायर बहादुर शाह जफर द्वितीय ने कविता सीखने के उद्देश्य से 1854 में गालिब को अपना शिक्षक नियुक्त किया था। बाद में बहादुर शाह जफर ने गालिब को अपने बड़े बेटे शहजादा फखरुद्दीन मिर्जा का भी शिक्षक नियुक्त किया था। इसके अलावा गालिब मुगल दरबार में शाही इतिहासविद के रूप में भी काम करते थे।

मिर्जा के विषय में पहली बात तो यह है कि वह अत्यन्त शिष्ट एवं मित्रप्रेमी थे। जो कोई उनसे मिलने आता, उससे खुले दिल से मिलते थे। इसीलिए जो आदमी एक बार इनसे मिलता था, उसे सदा इनसे मिलने की इच्छा बनी रहती थी। मित्रों के प्रति अत्यन्त वफ़ादार थे। उनकी खुशी में खुशी, उनके दुःख में दुःखी। मित्रों को देखकर बाग़-बाग़ हो जाते थे। उनके मित्रों का बहुत बड़ा दायरा था। उसमें हर जाति, धर्म और प्रान्त के लोग थे। वैसे वे शिया मुसलमान थे, पर मज़हब की भावनाओं में बहुत उदार और स्वतंत्र चेता थे। ग़ालिब सदा किराये के मकानों में रहे, अपना मकान न बनवा सके। ऐसा मकान ज्यादा पसंद करते थे, जिसमें बैठकख़ाना जरूर हो और उनके दरवाज़े भी अलग हों, जिससे यार-दोस्त बेझिझक आ-जा सकें। खाने-खिलाने के शौक़ीन, स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रेमी थे। उन्हें हम स्नेह एवं मित्रता की छांह देने वाले बरगद कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

साल 1847 में जुआ खेलने के जुर्म में गालिब को जेल भी जाना पड़ा था और उन्हें 200 रूपए जुर्माना और सश्रम कारावास की सजा दी गई थी। एक मुसलमान होने के बावजूद गालिब ने कभी रोजा नहीं रखा। एक जानकारी के मुताबिक ये किस्सा गदर के दिनों का है। उस वक्त जब दिल्ली से मुसलमान बाहर की तरफ जा रहे थे, लेकिन मिर्जा गालिब वहीं रहे। इन्हीं दिनों उनका सामना एक अंग्रेज कर्नल से हो गया। अंग्रेज कर्नल ने मिर्जा गालिब के कपड़े देखकर उनसे सवाल किया, क्या आप मुसलमान हैं? ये सवाल सुनकर मिर्जा गालिब ने ऐसा जवाब दिया कि अंग्रेज कर्नल हैरान और हक्का बक्का रह गया। उन्होंने अंग्रेज कर्नल को तुरंत जवाब देते हुए कहा कि मैं आधा मुसलमान हूं। ये जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल ने अगला सवाल दागा और पूछा कि ऐसा कैसे कि आप आधे मुसलमान हैं? इसके जवाब में मिर्जा गालिब ने कहा, हां, क्योंकि मैं शराब तो पीता हूं लेकिन सुअर नहीं खाता। मिर्जा गालिब का यह जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल अपनी हंसी नहीं रोक पाया। मिर्जा गालिब का एक बहुत मशहूर शेर है 'ये इश्क नहीं आसान, बस इतना समझ लीजिये, इक आग का दरिया है और डूबकर जाना है।' न जाने गालिब ने किन परिस्थितियों में ये शेर गढ़ा होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि इश्क पर जो पहरा उस सदी में था वह आज इक्कीसवीं सदी के ग्लोबल इंडिया में भी है। जिंदगी जीने के तमाम तरीके भले ही बदल गए हों, लेकिन प्यार मोहब्बत को देखने का हमारा पारिवारिक-सामाजिक-धार्मिक नजरिया आज भी सदियों पुराना है। मिर्जा गालिब ने बेहतरीन शेर लिखे हैं- इस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा, लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं। दरअसल मिर्जा गालिब अपनी हाजिर जवाबी के लिए मशहूर थे। इस दौरान भी इश्क ने 'गालिब' निकम्मा कर दिया, वर्ना हम भी आदमी थे काम के। मौत का एक दिन मुअय्यन है, नींद क्यूं रात भर नहीं आती...। गालिब की जिंदगी संघर्षों से भरी रही, उन्होंने अपनी जिंदगी में अपने कई अजीजों को खोया। अपनी जिंदगी गरीबी में गुजारी। इसके बावजूद गालिब के शेर ने लोगों के दिलों को छुआ। गालिब 15 फरवरी 1869 को इस दुनिया से अलविदा कह गए।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## दीक्षांत समारोह



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के 18वें दीक्षांत समारोह में भाग लेते हुए।

# साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'वीर बाल दिवस' हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है और साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास में आयोजित विशेष संकीर्तन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी।

यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। उन्होंने कहा कि इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास में गुरुग्रंथ साहिब का स्वागत एवं अभिनंदन किया। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने गुरुग्रंथ साहिब



को सिर-माथे पर धारण कर उन्हें मुख्यमंत्री आवास में आसीन कराया।

इस अवसर मुख्यमंत्री आवास में गुरुवाणी, अरदास एवं लंगर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी को प्रदेशभर से आए सिख प्रतिनिधियों की ओर से सिरोपा भेंट किया गया।

योगी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश में सिख गुरुओं से संबंधित सभी स्थलों को चिह्नित करते हुए उनके विकास के लिए कार्य किए जाएंगे।

योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए। जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र शहीद हुए, उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हैं।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ के सिखों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी ने 2020 से लगातार इस बात को उठाया कि भारत के इतिहास में सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबजादों को आखिर क्यों विस्मृत कर दिया गया। जिन साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाना चाहिए, उसकी जगह किसी और घटना को बाल दिवस से जोड़ दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को आज पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान व्यक्तिगत या परिवार के लिए नहीं था, बल्कि उनका बलिदान देश और धर्म के लिए था। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि हमारे स्कूली बच्चों के सामने साहिबजादों का इतिहास आना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि ये सौभाग्य की बात है कि इस अवसर पर हर साल मुख्यमंत्री आवास में गुरुवाणी पाठ का आयोजन हो जाता है, साथ ही प्रदेशभर से आए सिख बंधुओं के साथ संवाद हो जाता है।

# स्वीडन को नाटो में शामिल किए जाने पर तुर्किये की संसदीय समिति ने चर्चा फिर से शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अंकारा। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में स्वीडन को शामिल किए जाने पर तुर्किये की संसद की एक समिति मंगलवार को विचार-विमर्श फिर से शुरू करने वाली है।

कुछ दिन पहले, तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने स्वीडन को नाटो में शामिल किए जाने के मुद्दे को एफ-16 लड़ाकू विमान खरीदने के तुर्किये के अनुरोध पर अमेरिकी मंजूरी से जोड़ा था।

नाटो के सदस्य तुर्किये ने जुलाई में स्वीडन के संगठन में शामिल होने पर अपनी आपत्ति हटा ली, लेकिन संसद में अनुमोदन की प्रक्रिया रुकी हुई है। तुर्किये ने स्वीडन पर तुर्किये की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया है।

इस महीने, एर्दोआन ने देश के मौजूदा लड़ाकू विमानों के बेड़े को आधुनिक बनाने के लिए 40 नए एफ-16 लड़ाकू विमान और उपकरण खरीदने की योजना जाहिर की थी। तुर्किये के नेता ने यह भी कहा था कि कनाडा और नाटो के अन्य सहयोगियों को तुर्किये पर लगाए गए हथियार प्रतिबंध हटाने चाहिए। अमेरिका ने एफ-16 के संबंध में तुर्किये के अनुरोध का समर्थन किया है लेकिन तुर्किये को सैन्य साजो-सामान बिक्री का कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में कड़ा विरोध है।

तुर्किये संसद की विदेश मामलों की समिति ने पिछले महीने नाटो में स्वीडन की सदस्यता पर चर्चा शुरू की थी। हालांकि, एर्दोआन की सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों द्वारा इस आधार पर स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद बैठक स्थगित कर दी गई कि कुछ मुद्दों पर अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है और स्वीडन के साथ बातचीत ठोस शक्ल नहीं ले सकी है।

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद स्वीडन और फिनलैंड सैन्य गुटनिरपेक्षता का रुख त्यागकर नाटो की सदस्यता के लिए आगे बढ़े। तुर्किये की संसद के अनुमोदन के बाद फिनलैंड अप्रैल में नाटो में शामिल होने के साथ ही संगठन का 31वां सदस्य बन गया।

नाटो के विस्तार के लिए सभी मौजूदा सदस्यों की मंजूरी की आवश्यकता है। तुर्किये और हंगरी ही ऐसे देश हैं जो इस पर आपत्ति जता रहे हैं। हंगरी ने स्वीडन की सदस्यता के अनुरोध को यह कहते हुए रोक दिया कि स्वीडन के नेताओं ने हंगरी के लोकतंत्र की स्थिति के बारे में ''सरासर झूठ'' बोला है।

## पाक में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए पहली हिंदू महिला ने नामांकन पत्र दाखिल किया

पेशावर/भाषा। डॉ सवीरा प्रकाश पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रांतीय चुनाव में शामिल होने वाली अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की पहली महिला हैं। पेशे से चिकित्सक प्रकाश (25) ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले में पीके-25 की सामान्य सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके पिता ओम प्रकाश ने मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' को यह जानकारी दी। ओम प्रकाश ने कहा कि उनकी बेटी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की उम्मीदवार के रूप में पहाड़ी बुनेर जिले से केपीके विधानसभा की सामान्य सीट पीके-25 निर्वाचन क्षेत्र उन्होंने केपीके विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षित एक सीट पर भी

## भारत-रूस संबंधों को सकारात्मक पथ पर बनाए रखेगा भू-राजनीतिक, रणनीतिक आधार : जयशंकर

मॉस्को/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां अपने रूसी समकक्ष और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत से पहले कहा कि भू-राजनीतिक और रणनीतिक आधार भारत-रूस संबंधों को सकारात्मक पथ पर बनाए रखेगा।

रूस के नेताओं के साथ बैठक करने के लिए पांच दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

जयशंकर ने एक तस्वीर के साथ सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मॉस्को पहुंच गया हूं। अपनी बातचीत को लेकर आशान्वित हूं। उन्होंने सोमवार को रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बातचीत की और कहा, भू-राजनीतिक तथा रणनीतिक आधार भारत-रूस संबंधों को हमेशा सकारात्मक पथ पर बनाए रखेगा।

जयशंकर ने अपने पोस्ट में कहा, रूसी रणनीतिक समुदाय के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक खुली और दूरदर्शी बातचीत। पुनर्संतुलन के महत्व और बहुध्रुवीयता के उभार के बारे में चर्चा की।

उन्होंने कहा, संबंधित ढांचे में भारत-रूस संबंध कैसे विकसित होंगे, इस पर विचारों का आदान-प्रदान किया। कनेक्टिविटी, बहुपक्षवाद, बड़ी शक्ति प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय संघर्षों पर भी चर्चा की।

# येचुरी यदि राम और रामत्व की ओर लौट जाते हैं तो उनके हित में ही होगा: विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने से इनकार करने वाले माकपा नेता सीताराम येचुरी पर निशाना साधते हुए विश्व हिंदू परिषद ने मंगलवार को कहा कि अगर वह 'राम, रामत्व और भारत की ओर लौट जाते हैं' तो यह उनके हित में होगा।

येचुरी ने कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार करते हुए कहा कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का मामला है और इसे राजनीतिक फायदे के लिए औजार नहीं बनाया जाना चाहिए। इस पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की प्रतिक्रिया आई है।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने 'एक्स' पर लिखा, खबर है कि सीताराम नाम वाले सज्जन अयोध्या नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, राजनीतिक विरोध समझ में आता है, लेकिन अगर किसी को उनके नाम से ही इतनी घृणा है तो वह केवल कम्युनिस्ट हो सकते हैं।

बंसल ने वीडियो जारी कर एक बयान में कहा कि येचुरी की पार्टी की प्रतिबद्धता अलग हो सकती है, लेकिन यह साफ नहीं है कि माकपा महासचिव का विरोध भगवान राम से है या अपने ही नाम से है। उन्होंने कहा, इस पर सफाई आनी चाहिए।

विहिप नेता ने कहा, देश राम और रामत्व की ओर लौट रहा है और आप कब तक इनका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि येचुरी को ''वापसी करनी चाहिए और राम, रामत्व तथा इस भारत को अपना लेना चाहिए''। बंसल ने कहा, अब यह आपके हित में है। अन्यथा, लोग जानते हैं कि किस तरह जवाब देना है।

# राम मंदिर परिसर अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा, जटायु की मूर्ति स्थापित : चंपत राय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अयोध्या/भाषा। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर परिसर सीवेज और जल उपचार संयंत्रों के साथ अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा और इसमें बुजुर्गों और विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों के आवागमन को आसान बनाने की सुविधाएं भी होंगी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में ट्रस्ट के कार्यालय में एक प्रस्तुति में भव्य परिसर की परिदृश्य योजना साझा करते हुए यह बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी मंदिर परिसर की 70 एकड़ जमीन का 70 फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि यह परिसर अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा क्योंकि इसमें दो अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (एसटीपी), एक जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) और पावर हाउस से एक समर्पित लाइन होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में एक दमकल चौकी भी होगी, जो भूमिगत जलाशय से पानी का इस्तेमाल करने में सक्षम होगी।

राय ने पत्रकारों के एक समूह के साथ परिदृश्य योजना साझा करते हुए कहा कि भव्य मंदिर में 392 खंभे होंगे, 14 फीट चौड़ी परकोटा परिधि होगी जो 732 मीटर तक फैली होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में बुजुर्ग, विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर लिफ्ट की सुविधा और दो रैंप होंगे। राय ने यह भी कहा कि अयोध्या में कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की गई है।





## पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं का गाना 'देश पहले' रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी की आने वाली फिल्म मैं अटल हूं का पहला गाना देश पहले रिलीज हो गया है। विनोद भानुशाली निर्मित 'मैं अटल हूं' देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी बाजपेयी का किरदार निभाया है।इस फिल्म को रवि जाधव ने निर्देशित किया है और इसे रवि ने ही ऋषि विरमानी के साथ मिलकर लिखा है। फिल्म मैं अटल हूं का पहला गाना देश पहले रिलीज हो गया है।जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने का लिरिक्स मनोज मुंतशिर ने लिखा है। पायल देव ने इस गाने को कंपोज किया है।गाने का वीडियो शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दुनिया के सारे सुख पीछे, मेरा देश पहले।फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी 2024 को रिलीज की जाएगी।

## नारेबाजी



रांची में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों ने मंगलवार को रांची में सीएम हाउस के घेराव के दौरान अपनी स्थायी नौकरी की मांग को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

# उत्तर प्रदेश ऑर्टिस्ट अकादमी अवार्ड से सम्मानित हुयी पाखी हेगड़े

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री पाखी हेगड़े को उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पाखी हेगड़े को उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकादमी अवार्ड उत्तर प्रदेश के बड़े आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी से मिला। पाखी हेगड़े ने बताया कि यह उनके लिए काफी गर्व करने की बात है कि उन्हें उत्तरप्रदेश के इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया।

इससे उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी और आगे भी कोशिश यही रहेगी कि वह और बेहतर कर सकें जिससे समाज पर इसका बेहतर असर हो और युवाओं की सोंच समाज हित मे कार्य करने के प्रति सकारात्मक हो ।







## कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'तेजस' पांच जनवरी को जी5 पर होगी प्रसारित

मुंबई/भाषा

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'तेजस' पांच जनवरी से 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच 'जी5' पर प्रसारित होगी। सर्वेश मेवाड़ा फिल्म के लेखक तथा निर्देशक हैं और रोनी स्क्रूवाला इसके निर्माता। फिल्म में कंगना भारतीय वायु सेना की एक पायलट के किरदार में हैं। इस साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को जुटाने में नाकाम रही थी। रनौत ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि फिल्म 'तेजस' में सशस्त्र बलों की यह गाथा दर्शकों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, '' 'तेजस' के जरिए हमारा मकसद न केवल मनोरंजन करना था, बल्कि सशस्त्र बलों के जुनून तथा बलिदान को भी दुनिया के सामने लाना था...'' अभिनेता मनीष कालरा ने एक बयान में कहा, मुझे उम्मीद है कि दर्शक फिल्म को पसंद करेंगे और वास्तविक जीवन के नायकों की अविश्वसनीय कहानियों से प्रेरणा लेंगे। एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि 'तेजस' डिजिटल मंच पर उड़ान भर रहा है।'' फिल्म में अभिनेता आशीष विद्यार्थी, हर्षवर्द्धन राणे, दिव्या दत्ता, अंशुल चौहान और वरुण मित्रा जैसे कलाकार भी हैं।

# 'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

डिज्नी+हॉटस्टार के आगामी शो 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल ने डिज्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक और सीईओ एवं द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान' के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा। यह एक ऐसा अद्भुत दृश्य तैयार करेगा, जिससे भारत ही नहीं, बल्कि





दुनिया भर के सभी उम्र के दर्शक अपना जुड़ाव महसूस करेंगे। डिज्नी+ हॉटस्टार पर 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का सीजन 3 दिखाएगा कि कैसे साहस और उम्मीद हमेशा अंधकार को हराएगी। इसमें यह भी प्रदर्शित किया जाएगा कि एक वास्तविक नायक का असली पैमाना उसकी शक्तियों से कहीं बढ़कर होता है, जो उसकी आंतरिक शक्ति, करुणा, चरित्र और वफादारी से परिभाषित होता है।

'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था और उसने इस अवसर को और भी खास बना दिया है। बचपन में मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि वह हंसी वास्तव में ऐसी होनी चाहिए जो सभी दर्शकों का ध्यान खींच सके। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था। मैं डिज्नी+ हॉटस्टार के दर्शकों के लिए इस नए सीज़न में अच्छाई और बुराई के इस रोमांचक किस्से को देखने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि ये पौराणिक कथा के इस नए अध्याय को सामने लाते हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.



# तेरापंथ महिला मंडल की स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में तेरापंथ सभा भवन में 'स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज' अभियान के तहत 'जर्नी ऑफ फेट टू फिट' नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता न्यूट्रिशियन शीतल गोराडिया, कविता कोठारी और डॉक्टर अनिता देवराज ने स्वास्थ्य के पांच मुख्य स्तंभ खानपान, नींद, शाररिक गतिविधि, मानसिक स्वास्थ और संवेदना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में रोचक शरीरिक गतिविधियां करवाई गई। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया। सभी वक्ताओं का सम्मान व परिचय दिया गया।



# 'सुहाना सफर' संगीतमय कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार हिन्दी गीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। माहेश्वरी सभा बेंगलूरु व वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव मंच की ओर से मनोरंजन के उद्देश्य से 'सुहाना सफर' नामक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन माहेश्वरी भवन में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 175 लोगों ने भागदौड़ की जिंदगी में अपने लिए कुछ फुर्सत के पल निकालकर गानों का भरपूर आनंद लिया।

संगीतकार जयराम एवं टीम के साथ शहर के जाने-माने गायक सींचन दीक्षित और यासीन खान ने अपनी मधुर आवाज में नए पुराने सदाबहार गीतों से उपस्थित जनों का खूब मनोरंज किया। कलाकारों का सम्मान देवकीनंदन डागा एवं माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नवलकिशोर मालू ने किया। कार्यसमिति सदस्य भगवानदास जाजू ने धन्यवाद दिया और कार्यक्रम का संचालन सहसचिव राजेश मारू ने किया।



# बेमाली ब्लास्टर टीम बनी मेवाड़ प्रीमियर लीग चैम्पियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर में जैन एकता मंच द्वारा आयोजित व एमआरके जेवर द्वारा प्रायोजित मेवाड़ प्रीमियर लीग का समापन हुआ जिसमें 20 टीमों ने भाग लिया। मुकाबले में बेमाली ब्लास्टर और देवगढ़ डायनेमोस टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें बेमाली ब्लास्टर टीम ने रोमांचक जीत हासिल की।

इस बार कर्नाटक सहित गुजरात, राजस्थान, तेलंगाना, तमिलनाडु की टीमों ने भाग लिया। मुख्य प्रायोजक गौतम कोठारी ने सभी खिलाड़ियों में खेल भावना से खेलने के लिये प्रोत्साहित किया। समापन के मौके पर सभी प्रायोजकों का सम्मान किया गया तथा प्रायोजकों ने विजेता, उपविजेता सहित अन्य विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। जैन एकता मंच के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।

# वर्ष 2023 में चरमपंथी हिंसा के कारण असम में किसी भी जान नहीं गई: हिमंत विश्व शर्मा

गुवाहाटी/भाषा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि 2023 में चरमपंथी हिंसा के कारण राज्य में किसी की भी जान नहीं गई और 'जनजातीय उग्रवाद भी पूरी तरह खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकतम हिस्सों से धीरे-धीरे सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (एएफएसपीए) को हटाया जाना भी शांति प्रयासों में एक अन्य बड़ी उपलब्धि रही।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, केंद्र और राज्य सरकार के निरंतर प्रयास से असम में शांति और समृद्धि का दौर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, 2023 में कई संगठनों ने अपने हथियार डाल दिए, और क्षेत्रों से एएफएसपीए हटाया गया, चरमपंथी हिंसा के कारण किसी की भी जान नहीं गई एवं यह राज्य के लिए यह सफल साल रहा।

शर्मा ने कहा कि इस पूर्वोत्तर राज्य से धीरे-धीरे एएफएसपीए हटाया गया है और अब केवल चार जिले ही इसके अंतर्गत हैं।

अधिकारियों के अनुसार, एएफएसपीए सुरक्षाबलों को अभियान चलाने और बिना किसी वारंट के, गिरफ्तारी का अधिकार देता है। इसी के साथ, यदि सुरक्षाबलों के गोलियां चलाने पर किसी की जान चली जाती है तो उन्हें इस कानून के तहत गिरफ्तारी एवं अभियोजन से छूट प्राप्त है।

शर्मा ने यह भी दावा किया कि 2023 में असम में 'जनजातीय उग्रवाद का पूर्ण समापन' हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में कुल 8,756 पूर्व उग्रवादियों का पुनर्वास किया गया जिसपर (पुनर्वास पर) 300 करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण कर चुके उग्रवादियों को हुनरमंद बनाने और उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया और वे अब 'राज्य की आर्थिक वृद्धि में हाथ बंटा' रहे हैं।

# वैष्णो देवी मंदिर : इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या एक दशक में सबसे अधिक

जम्मू/भाषा। इस वर्ष अभी तक 93.50 लाख श्रद्धालु वैष्णो देवी मंदिर में देवी माता के दर्शन कर चुके हैं, जो एक दशक में सबसे अधिक संख्या है। मंदिर पदाधिकारियों के मुताबिक, सोमवार तक कुल 93.50 लाख लोगों ने जम्मू के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर के दर्शन किए, जिसके साथ ही 2013 में 93.24 लाख श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड टूट गया। श्री माता वैष्णो देवी मंदिर बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने बताया, 93.24 लाख श्रद्धालुओं से ज्यादा का नया रिकॉर्ड पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है। वर्ष 2012 में सबसे अधिक 1,04,09,569 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए थे। वहीं 2011 में 1,01,15,647 श्रद्धालु वैष्णो माता के दर्शन करने पहुंचे थे।

स्थानीय महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु शाखा के सदस्यों ने विजयपुरा गौशाला में वार्षिक मिलन समारोह के दौरान एकत्र हुए 41 हजार रुपए गौशाला में दिए। गौसेवा व सामाजिक मेलमिलाप के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में 40 सदस्य शामिल हुए।



# महावीर इन्टरनेशनल बेंगलूरु शाखा ने की गौसेवा, दिया आर्थिक सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु शाखा के सदस्यों ने विजयपुरा गौशाला में वार्षिक मिलन समारोह के दौरान एकत्र हुए 41 हजार रुपए गौशाला में दिए। गौसेवा व सामाजिक मेलमिलाप के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में 40 सदस्य शामिल हुए। चेयरपर्सन भारती छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। वाइस चेयरपर्सन नीलम ललवानी ने संचालन करते हुए लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया।

सदस्यों को गौशाला के लिए उदारतापूर्वक दान दिया तथा अपने हाथों से गौसेवा की। कर्नाटक के जोनल चेयरमैन सुशील तलेसरा ने कहा कि संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। वरिष्ठ सलाहकार रमेश दक ने गौसेवा कार्य को सराहा। मुख्य सचिव विजयराज सिसोदिया ने प्रतिभागियों को चैप्टर के गठन से लेकर आज तक आयोजित किये गये शिविरों के बारे में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष सुरेश लखानी, संयुक्त सचिव आशीष बाफना और ध्रुव जैन ने व्यवस्था संभाली। वार्षिक मिलन में मनोरंजक खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौशाला के मालिक संभव कोठारी सभी को धन्यवाद दिया।



# कर्नाटक हमारी कर्मभूमि है, हमें कर्नाटक पर गर्व है : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कस्तूरी कर्नाटक जनपर वेदिके चन्नपटना द्वारा कोल्हापुर अम्मा देवस्थान के निकट मैदान में नूडी हब्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कर्नाटक के विभिन्न जिलों से संस्था के कार्यकर्ता एकत्रित हुए, इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों से इतना प्यार, सम्मान, सहयोग एवं अपनापन मिला कि हम कर्नाटक की धरती पर स्वयं को पराया महसूस नहीं करते । हमें गर्व है कि कर्नाटक हमारी कर्मभूमि है और यह हमारे अंतर्मन की आवाज है। कर्नाटक के विकास के लिए हम तन-मन -धन से समर्पित है.।चुनाव से पहले कुछ लोग अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए भाषा एवं गाय के नाम पर हमें बांटने की कोशिश करते हैं जिससे किसी भी व्यक्ति को भयभीत या भ्रमित होने की जरूरत नहीं है, हम सब एक है और एक ही रहेंगे। वेदिके के राज्य अध्यक्ष रमेश गौड़ा ने मुणोत के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



# जीतो युवाओं ने 'सोशल मीडिया ब्रांड' बनाने के गुर सिखे

## 'जीतो' नॉर्थ के युवा विंग द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के युवाओं के लिये सोशल मीडिया ब्रांड बनाने के 3 दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जयनगर स्थित एलआईटी स्कूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 55 युवाओं ने ब्रांड बनाने की कला सीखी। कार्यक्रम का उदघाटन जीतो केकेजी जोन के अध्यक्ष अशोक सालेचा, जीतो नॉर्थ के महामंत्री सुधीर गादिया, युवा विंग संयोजक देव सामर, एलआईटी स्कूल के संस्थापक अरिहंत जैन व युवा विंग पदाधिकारियों ने किया। सभी का स्वागत करते हुए युवा विंग अध्यक्ष मनीष कोठारी ने बदलते समय के साथ युवाओं के लिये ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीतो नॉर्थ शुरुआत से अपने सदस्यों के मूल्य में बढ़ोतरी करने वाले आयोजन करता आ रहा है। प्रशिक्षण शिविर के संयोजक हर्ष सुराणा व लक्षित सोनेगरा के अनुसार तीन दिनों के प्रशिक्षण शिविर केपहले दिन प्रतिभागियों ने ऑनलाइन सोशल मीडिया ब्रांड बनाने,लॉन्च करने और कहानी कहने की कला में महारत हासिल करने के बारे में सीखा।

दूसरे दिन के अंत में सभी प्रतिभागियों को 13 से अधिक टीमों में विभाजित किया गया और उन्हें अपनी सीख को लागू करने और प्रस्तुतियाँ देने की चुनौती दी गई। तीसरे दिन सभी प्रतिभागियों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। एलआईटी स्कूल के अन्य संस्थापक कुंदन जैन व अर्पित आनंद ने तीन दिनों तक पूरी कार्यशाला का संचालन और मार्गदर्शन किया। राहुल बागरेचा ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिये पहला पुरस्कार जीता, अंत में सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य सचिव खुशी पोरवाल ने धन्यवाद दिया। युवा विंग उपाध्यक्ष ऋषभ बोहरा व निशांत जैन, संयुक्त सचिव निकिता बड़ेरा के साथ प्रबंधन समिति के यश मेहता व नक्षत्र जैन भी मौजूद थे।

# क्रिसमस पर मोदी के साथ दोपहर भोज की तस्वीरें साझा की अभिनेता डिनो मोरिया ने

नई दिल्ली/भाषा। अभिनेता-मॉडल डिनो मोरिया ने क्रिसमस के अवसर पर उन्हें और ईसाई समुदाय के अन्य सदस्यों को अपने आवास पर आमंत्रित करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को 7, लोक कल्याण मार्ग पर समुदाय के लिए क्रिसमस के अवसर पर दोपहर भोज का आयोजन किया था।

'राज, अक्सर' और 'प्यार में कभी कभी' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले मोरिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर प्रधानमंत्री के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा, क्रिसमस के दिन दोपहर का भोजन इस साल शानदार था। प्रिय महोदय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, हमें एक सुंदर क्रिसमस लंच के लिए अपने घर पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, आपसे मिलना और आपको सुनना और सब कुछ अनुभव करना कि आप कितने शानदार मेजबान हैं, वास्तव में यादगार रहा है।



# किशन रेड्डी ने गुरुद्वारा साहेब में मत्था टेका

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी ने मंगलवार को यहां अमृतपेट स्थित गुरुद्वारा साहेब में माथा टेका। इस मौके पर रेड्डी ने सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह के बलिदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद से इन दो पुत्रों (जिनकी आयु क्रमश: नौ साल और छह साल थी) धर्म की रक्षा के लिए बहादुरी से अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। ऐतिहासिक तथ्यों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद के बड़े पुत्रों ने भी मुगलों के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी थीं और अंतत: धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे पुत्रों को औरंगजेब के सैनिकों ने पकड़ लिया था।

इसके बाद दोनों को प्रताड़ित किया तथा सिख धर्म को छोड़ कर इस्लाम धर्म को अपनाने के लिए दबाव डाला। केंद्रीय सांस्कृतिक विभाग के तहत बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करने के लिए देशभर में 25 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## कैलेन्डर विमोचन

शहर के माहेश्वरी सभा द्वारा वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन माहेश्वरी भवन में किया गया जिसमें सभा के अध्यक्ष नवलकिशोर मालू, कैलेंडर के विज्ञापनदाता अन्य सदस्य उपस्थित थे। उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी ने बताया कि यह कैलेन्डर सभी सदस्यों सहित पूरे कर्नाटक के माहेश्वरी बंधुओं तक पहुंचाया जाता है। कैलेंडर में सभी त्यौहारों, हिन्दी तिथियों, अवकाश आदि की जानकारी शामिल है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or in any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com